दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
R.N.I. No. MPHIN/2021/82530
खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक
समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया
ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकासित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र , उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -258 | ग्वालियर, रविवार 28 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री कुशवाहा ने जनसंपर्क किया

## जगह जगह आरती उतार कर किया भव्य स्वागत

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर से लोकसभा प्रत्याशी श्री भरत सिंह कुशवाह ने आज जनसंपर्क की शुरुआत मोर बाजार बाड़ा से की। इस जनसंपर्क के दौरान सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ चल रहे थे।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत मोर बाजार से की मोर बाजार में उनके आगमन पर स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों ने पुष्प माला मिष्ठान वितरण कर उनका आत्मीय स्वागत किया एवं उनको विजय बनाने का आश्वासन भी दिया।



उसके बाद श्री कुशवाह ने दानाओली, नई सड़क, गश्त का ताजिया, राम मंदिर, फालका बाजार, छप्परवाला पुल, शिंदे की छावनी होते हुए माता वाली गली आदि क्षेत्रों में आत्मीय सघन जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान उन्होंने जैन संघ के संस्थापक सदस्य डॉक्टर मनमोहन बत्रा की क्लीनिक पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर की। उनके पुत्र डा. सत्यप्रकाश बत्रा ने श्री कुशवाह का पुष्प माला पहनाकर मिष्ठान खिलाकर विजयी होने की शुभकामना दी।

इस दौरान जगह जगह उनका दुकानदार, व्यवसाययों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर पुष्पमाला पहनाकर श्री भारत सिंह कुशवाह का भव्य स्वागत किया। हर एक दुकानदार भाजपा प्रत्याशी श्री कुशवाह का अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत के लिए आतुर हो रहे थे। वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी उनका स्वागत रोली चावल से टीका और आरती उतार कर शाल श्रीफल से किया। उनके साथ चल रहे सैकड़ों कार्यकर्ता फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के द्वारा गगनभेदी नारे गुंजायमान हो रहे थे।

श्री कुशवाह ने जनसंपर्क के दानाओली स्थित नागौरी जैन मंदिर में पूजन किया। वहीं मंदिर कमेटी ने श्री कुशवाहा को पगड़ी पहनकर उनका स्वागत किया एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें विजयी होने की शुभकामना दी।

इस जनसंपर्क में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, निगम सभापति श्री मनोज तोमर, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल माखीजानी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजित बरैया, जिला महामंत्रीद्वय विनोद शर्मा, राजू पलैया,विवेक सिंह जोशी, विकास साहू, स्थानीय पार्षद संजय सिंघल, अनिल सांखला पार्षद, ओमप्रकाश राजौरिया, बृजेंद्र सिंह जादौन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलिमा शिंदे, मुन्ना सिंह कुशवाह, मनोज मुटाटकर महेंद्र श्रीवास्तव विनय शर्मा, संजीव पत्नी अजय तिवारी मुनेश जादौन आनंद शर्मा शुगर सिंह पवैया डालचंद वर्मा, भगवान सिंह कुशवाह जितेंद्र मुद्गल, नवीन परांडे, यामिनी परांदे, शारदा नारले, पारस बरैया, सुशील कुशवाह, जयहिंद राजौरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# भाजपा ने चंबल के बीहड़ों से किया डाकुओं का सफाया, अब कांग्रेस का भी करना है: डॉ. मोहन यादव

## डाकुओं के राज में कांग्रेस ने लोगों को लावारिस छोड़ दिया, वोट की भूखी है कांग्रेस पार्टी: मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को ग्वालियर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में करेरा विधानसभा एवं गुना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में कोलारस विधानसभा के बदरवास एवं बामोरी विधानसभा के म्याना में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय चंबल के बीहड़ों में डाकुओं का आतंक था। दिन-दहाड़े डाकू लोगों को उठा ले जाते थे, लेकिन इन डाकुओं के राज में कांग्रेस ने लोगों को लावारिस छोड़ दिया। कांग्रेस की तत्कालीन सरकार उनकी रक्षा तक नहीं कर पाई। इसके बाद भाजपा की सरकार ने चंबल के बीहड़ों से डाकुओं का पूरा सफाया कर दिया। अब ऐसा ही सफाया कांग्रेस पार्टी का भी करना है। कांग्रेस पार्टी वोट की भूखी है।

कांग्रेस के माथे पर कलंक, कांग्रेस के लोग अहंकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने श्रीराम के आमंत्रण को ठुकराकर महापाप किया है, ये कांग्रेस का अहंकार है। कांग्रेस के नेता हमेशा से श्रीराम मंदिर के निर्माण में अड़ंगा लगाते रहे। उन्होंने कभी भी श्रीराम मंदिर की चिंता नहीं की। वे तो श्रीराम मंदिर के नाम पर अपनी राजनीति चलाते रहे, हिन्दु-मुसलमानों के बीच में फूट डालते रहे, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया तो पूरे देश ने उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भी कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति उठाई।




ये कांग्रेस की सोच है। कांग्रेस ने कभी भी देश की चिंता नहीं की, उन्होंने तो सिर्फ एक परिवार को बचाने की चिंता की है।

### कांग्रेस हड़पना चाहती है हमारी संपत्ति

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारे देश के गरीबों, आदिवासी, पिछड़ों, दलितों की संपत्ति को हड़पना चाहती है। इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि इस देश के अंदर संसाधनों का आर्थिक सर्वे कराएंगे। राहुल गांधी के गुरू सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि अमेरिका में एक बहुत अच्छा टैक्स है, हम उसको भारत में लागू करवाएंगे। कांग्रेस शासनकाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जो पहले कहते थे कि इस देश के ऊपर सबसे पहला अधिकार मुसलमान बंधुओं का है। यही बात अब कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में भी कह रही है। भाजपा सरकार मुसलमानों का सच्चा सम्मान करती है, तभी तो हमने मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम को देश का राष्ट्रपति बनाया। रसखान ने भगवान श्रीकृष्ण की अच्छी स्तुति गाई तो हमने उनका भी सम्मान किया।

### संवेदनशील है भाजपा की सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार बेहद संवेदनशील सरकार है। गुना में जब सड़क हादसा हुआ तो इस हादसे पर सरकार ने एक्शन भी तुरंत लिया। सारे काम छोड़कर गुना में पीड़ितों के बीच पहुंचकर स्थिति देखी। यह संवेदनशील सरकार है। हमारी संवेदना आम जनता के साथ जुड़ी हुई है। हमारी सरकार गरीबों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। जिसकी जो जबावदेही है, उसको जबाव देना पड़ेगा। हादसे के बाद इसके जिम्मेदारों पर तुरंत एक्शन लिया गया। गरीबों के साथ कोई अत्याचार हो, उसको सहन नहीं किया जाएगा।

### देश के जवान और किसानों को सम्मान दिलाया

उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा से देश के जवानों और किसानों को उनका सम्मान दिलाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा रेखा पर जाकर जवानों के साथ दीवाली मनाई, पटाखे चलाए, लेकिन यह काम कांग्रेस की सरकारों में कभी नहीं हुआ। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब किसानों के लिए 6 हजार रुपये महीना सीधा उनके खाते में भिजवाए गए। केन्द्र और राज्य सरकार के माध्यम से 10 हजार रुपये की राशि किसानों को सम्मान निधि के रूप में दी गई। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

### नहीं होगी कोई भी योजना बंद

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि लाड़ली बहना योजना बंद कर दी जाएगी, लेकिन माताएं, बहनों चिंता मत करना, कोई भी योजना बंद नहीं होगी। लाड़ली बहना योजना का पैसा हर माह खातों में पहुंचता रहेगा। जिसका नाम योजना में छूट गया है, उसका नाम भी चुनाव के बाद जोड़ा जाएगा। हमारी सरकार गरीबों की सरकार है। सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है।

# अतिथि शिक्षक श्री पाराशर को पद से पृथक करने के निर्देश

दमोह। पीठासीन अधिकारी मतदान केंद्र क्रमांक 262 विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने माध्यमिक विद्यालय धनगोर संकुल तेंदूखेड़ा के अतिथि शिक्षक नितिन पाराशर को तत्काल प्रभाव से अतिथि शिक्षक के पद से पृथक किए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के लिए निर्देशित करने आदेशित किया है। ज्ञातव्य है मतदान केंद्र में नितिन पाराशर विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) नियुक्त थे।

## मंत्री पहुंचे ग्राम गुहार बूढा,गौ शाला व्यवस्थाओं का जायजा लेने

दमोह। मंत्री पहलाद पटेल और धर्मेंद्र सिंह लोधी धर्मेंद्र सह लोधी विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुहार बूढा गौ शाला पहुंचे। और उनके साथ नरेंद्र बजाज जिला उपाध्यक्ष गौशाला पहुंचकर रूपेश सेन, मनदीप यादव, मुलायम चंद्र जैन, खड़क सिंह, मूरत सिह, एवं खैरी सरपंच, सहित मिली जानकारी के मुताबिक बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। सभी लोगों ने गौशाला पहुंचकर वहां का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और मंत्रियों ने अपने विचारों को रखा। और मार्गदर्शन दिया।



## प्रियंका ग्वालियर-मुरैना व राहुल भिंड आयेंगे

ग्वालियर। कांग्रेस अब भाजपा की स्टाइल में मतदान का समय पास आते देख प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंकेगी। अब कांग्रेस ग्वालियर, मुरैना व भिंड में अपने दिग्गज नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी की सभाएं व रोड शो कराने की तैयारी में है।

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस मुरैना कांग्रेस प्रत्याशी नीटू सिकरवार व ग्वालियर में प्रवीण पाठक के लिए रोड शो व सभा का आयोजन कर सकती है। इसके लिये कांग्रेस आलाकमान तैयारी में लगा है। इसी प्रकार भिंड में कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया के लिये राहुल गांधी को लाया जा रहा है। कांग्रेस के इन दोनों दिग्गज नेताओं के फायनल कार्यक्रम आज कल में तैयार हो जायेंगे।

## मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज 28 अप्रैल 2024 रविवार को मुरैना आएंगे



मुरैना, कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह भदौरिया ने बताया, कि श्री चौहान तय कार्यक्रम अनुसार दोपहर 2¬45 बजे जौरा विधानसभा के कैलारस में पुरानी सब्जी मंडी प्रांगण में दोपहर 3¬45 बजे ग्राम छैरा में जनसभा को भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में संबोधित करेंगे।

# कांग्रेस धार्मिक आधार पर आरक्षण करना चाहती है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया 27अप्रैल।आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरैया विधानसभा क्षेत्र के जनता महाविघालय अजीतमल में लोकसभा प्रत्याशी डा राम शंकर कठेरिया के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस धर्मिक आधार पर आरक्षण करना चाहतीं हैं

उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण करके कांग्रेस देश का विभाजन करना चाहती है उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के दूसरा चरण संपन्न हो गए दोनों चरणों के रुझान बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी सभी सीटें जीत रही है । उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा लगाते हुए मोदी सरकार में 10 वर्ष की उपलब्धि बताते हुए कहा कि मोदी जी की सरकार विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है देश मे मेट्रो ,रेलवे, अस्पताल, आई आई टी ,आई आई एम , और सड़क का जाल जिस तरह से फैल रहा है वह देश को चतुर्मुखी विकास की ओर ले जा रही है आपको विकास से 65 वर्षो से वंचित रखा जो लोग गुंडे और माफिया लोगो की कब्रो पर वंदन करने जाते है क्या वो सही है। इसका जवाब जनता देने को बैठी है जहां

सपा बसपा कांग्रेस ने अपनी सरकारों में गुंडागर्दी अराजकता कर आतंक का राज चलाया था वही उनकी




सरकार गुंडों और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी गरीब भूख से या बीमारी से मरता था आज 80 करोड लोगों को खाद्यान्न इलाज के लिए 5 लाख की आयुष्मान योजना से इलाज हो रहा है उनकी सरकारों में किसान नौजवान महिलाएं सुरक्षित नहीं थी आज मोदी जी की सरकार में सबका साथ सबका विकास का नारा बुलंद ही नहीं हो रहा धरातल पर दिख भी रहा है सपा की सरकारों में आतंकवादी गुंडे अपराध घोषित हुआ करते थे आज वह बिल में घुस गए हैं मोदी जी की सरकार में किसी की जाति धर्म मजहब से उठकर योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाया जा रहा है

आज मैं कहने आया हूं कि एक तरफ मोदी जी की योजनाएं हैं वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जिसमें उनकी सरकारों में जाति धर्म मुझे पूछ कर लाभ देने का काम किया जा रहा था कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले यह लोग धर्म के नाम पर देश को बताते थे आज संपत्ति बांटने का कानून बनाने की बात कर रहे हैं कांग्रेस आस्था के साथ खिलवाड़ करना चाहती है आप लोग करने देंगे क्या उनकी मनसा को समझना होगा कांग्रेस सपा बसपा का हिडन एजेंडा कार्य कर रहा है। इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी प्रो डा रामशंकर कठेरिया, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,कैबिनेट मंत्री राकेश सचान,लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी,पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत,पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य,पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया,सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया,सदर विधायिका इटावा सरिता भदौरिया,ओक्सभा संयोजक रजनीश पांडेय,विधानसभा प्रभारी डा शिववीर सिंह भदौरिया,विधानसभा संयोजक श्री राम मिश्रा , ओ पी गुप्ता,राहुल गुप्ता,दीक्षांत गुप्ता आदि लोग रहे।

## सात वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

अम्बेडकर नगर। सात वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जब पीड़िता के परिजन आरोपी के घर उलाहना लेकर गए तो वहां आरोपी के पिता ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।जलालपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 22 अप्रैल को उसकी सात वर्षीय पुत्री बकरी चराने गई थी। इसी दौरान पड़ोसी गांव निवासी एक किशोर ने गड्ढे में ले जाकर बालिका के साथ दुष्कर्म किया। बाद में किसी तरह से बालिका घर पहुंची और घटनाक्रम से परिजनों को अवगत कराया।बालिका के परिजन आरोपी के घर उलाहना लेकर गए तो वहां आरोपी के पिता राजेश ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। अब पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व उसके पिता के खिलाफ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने में केस दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# शहर में पहली बार तापमान पहुंचा 41 डिग्री पर

ग्वालियर,। शुष्क मौसम में सूरज अब रौद्र रूप दिखाने लगा है। सीजन में पहली बार शनिवार को अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शाम के समय बादल छा सकते हैं। यदि तापमान में और बढोतरी हुई तो ग्वालियर-चंबल संभाग में कहीं-कहीं तेज हवा के साथ छुटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है। पिछले तीन दिन से मौसम शुष्क होने के साथ पश्चिम से शुष्क हवाएं भी आ रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भी मौसम शुष्क रहा। इसके चलते सुबह से ही धूप काफी तेज रही। दोपहर होते-होते सूरज ने रौद्र रूप दिखाया तो अधिकतम तापमान पिछले दिन की तुलना में 1.2 डिग्री बढ़कर 41.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो औसत से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इससे पहले सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस 19 अप्रैल को दर्ज किया गया था। आज न्यूनतम तापमान पिछले दिन की तरह 22.0 डिग्री सेल्सियस पर ही टिका रहा जो औसत से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम है।



स्थानीय मौसम विज्ञानी हुकुम सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल शनिवार को हिमालय में एक पश्चिमी विक्षोभ पहुंचने की संभावना है। इधर मध्य प्रदेश के दक्षिणी भाग में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। जहां से मराठवाड़ा में बने चक्रवाती परिसंचरण से होते हुए दक्षिण कर्नाटक तक एक द्रोणिका गुजर रही है। यह मौसम प्रणालियां कमजोर स्थिति में हैं इसलिए ग्वालियर-चंबल संभाग में इनका बहुत ज्यादा असर नहीं होगा। हालांकि शुक्रवार शाम को बादल छा सकते हैं। यदि ओवर हीटिंग हुई तो संभाग में कहीं-कहीं तेज हवा और गरज-चमक के साथ छुटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है।

# चिरमिरी में आयोजित कार्यक्रम तो धार्मिक था, फिर इस पास के नज़ारे राजनैतिक से क्यों आए नज़र? चुनाव आयोग बिल्कुल मौन? अब जवाब देगा कौन ? भाजपा के इन्हीं हथकंडों पर सटीक बैठती कहावत, आम के आम गुठलियों के दाम

### कथा सुनने आए श्रद्धालुओं के गले में डाले गए बीजेपी के गमछे, इर्द गिर्द नज़र आईं भाजपा की छोटी से बड़ी प्रचार प्रसार की गाड़ियों में नरेंद्र मोदी और भाजपा की प्रत्याशी सरोज पांडेय की तस्वीरें?

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*







चिरमिरी। 26.04.2024 दिन शुक्रवार, लोकसभा क्षेत्र कोरबा में मौजूद विधानसभा मनेंद्रगढ़ के चिरमिरी शहर में बागेश्वर धाम से आए पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का आगमन एवं कथा कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ, और बड़े ही खूबसूरती से यहां के नौजवानों ने कई हज़ारों की तादाद में आए श्रद्धालुओं की भरपूर सेवा की, इसमें वृद्धजनों के साथ ही औरतें बच्चे सभी शामिल थे, चिरमिरी शहर के लिए यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम और दिन बना, जिसकी तारीफों की गूंज प्रदेश तक पहुंची है।

मगर जहां एक तरफ चिरमिरी की धरा पर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के कदम पड़ते ही घंटों से इंतज़ार करते भक्तों की रगों में मानो भक्ति भाव की लहर सी दौड़ने लगी हो, पंडित धीरेन्द्र को पहली नज़र देखते ही लोग झूम उठे, वहीं उस भारी भरकम जनसैलाब का इस्तेमाल भी कोई निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए अलग ही ढंग से कर रहा था, इतने बड़े और सफल कार्यक्रम होने के बावजूद आखिर ऐसा क्यों कहा जा रहा है? एक ही मंच पर धार्मिक कथा वाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जिनके साथ ही नज़र आए छत्तीसगढ़ प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी नज़र आए, आचार संहिता लागू हो, बावजूद इसके एक साथ ही मंच साझा किया, वो भी उस वक्त जब छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 का तीसरा चरण ठीक सामने हो? इससे साफ तौर पर यह समझ में आता है कि यह भाजपा का प्रोपगंडा ही तो है। चुनाव आयोग के आँखों में धूल झोंकते हुए इसे राजनैतिक कार्यक्रम करार देने से बचाया गया मगर जो? कुछ लोगों को दिखा वो सब सामने था, और सामने थीं कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय भी।

आइए हम आपको विस्तार से इसकी पूरी जानकारी देते हैं, छत्तीसगढ़ प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के तीसरे चरण को मात्र कुछ ही दिन या तो यूं कहें कि चंद हफ्तों का समय शेष बचा है, वहीं लोकसभा कोरबा क्षेत्र में जैसा कि लोगों के बीच यह भी चर्चाएं सुनने को मिलती हैं कि कांग्रेस की सख़्त पकड़ आज से नहीं मगर कई ज़माने से इस क्षेत्र में बड़ी मजबूत रहते आई है, जो कि भाजपा के लिए एक तरह से ये बड़ी चुनौती है।

लोकसभा कोरबा सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी चरणदास महंत की धर्मपत्नी ज्योत्सना महंत हैं भाजपा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय है, हालांकि लोकसभा कोरबा क्षेत्र के चिरमिरी शहर से कांग्रेस के प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को और ना ही उनके पति चरणदास महंत को ना पहले कोई मतलब था ना ही चिरमिरी शहर या यहां के लोगों से अब कोई मतलब है जैसा कि चिरमिरी के आमजनों में भी यही चर्चाएं इस बार तूल पकड़ती दिखाई दे रही हैं, जिसका अच्छा खासा फायदा भाजपा को इस चुनाव में ठीक उसी तरह मिलने के आसार हैं जिस तरह हाल ही में बीते विधानसभा चुनाव 2023 में मिला और विधानसभा मनेंद्रगढ़ क्षेत्र को भाजपा से ना सिर्फ एक विधायक मगर मंत्री भी मिला छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, मगर लोकसभा चुनाव 2024 में चुनाव से पहले ही लोकसभा कोरबा की सीट पर क्या भाजपा की रीति और नीति में ऐसे कई उतार चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं? यदि ऐसा हुआ तो अब इसका खामियाजा भाजपा को काफी महंगा पड़ सकता है, वो कुछ इस तरह कि लोकसभा कोरबा के ज़्यादातर क्षेत्रों में कांग्रेस की मजबूत पकड़ जैसी चुनौती को मात देने और लोकसभा कोरबा में अपने लिए नए अवसर तलाशने और तैयार करने के प्रयासों में भाजपा कुछ ज़्यादा ही मदहोश दिखाई देने लगी है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी को ना ही चुनाव आयोग का डर भय रहा ना ही इनमें सही ग़लत की समझ नज़र आई?

ऐसा इसलिए भी होने? लगा है क्योंकि जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं को कहीं ना कहीं केंद्र और प्रदेश में बैठे भारतीय जनता पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के सख्त निर्देशों का कुछ इस तरह पालन करना पड़ रहा है कि ना केवल सरोज पांडेय के छवि पर मगर पार्टी की छवि पर भी उंगलियां उठने लगी हैं।

सनातन धर्म के बचाव और हिन्दू राष्ट्र पर खरी बोली बोलने वाले कथावाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के आगमन पर आयोजित इस कार्यक्रम के धार्मिक वातावरण में भी बीजेपी ने प्रचार प्रसार के सुनहरे अवसर ढूंढ ही लिए, और जहां एक तरफ़ पंडित धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा हिन्दू राष्ट्र और सनातन की महत्वत्ता का पाठ कथा के रूप में पढ़ाया जा रहा था, वहीं दूसरी तरफ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लोगों को रोक रोक कर उन्हें भाजपा का पट्टा तो कहीं गमछा पहनाने में अस्त व्यस्त मस्त मग्न मुग्ध हो चुके थे, आदेश प्रत्याशी सरोज पांडेय ने दिया हो या फिर आदेश पार्टी के हाई कमान से आया हो, प्रचार प्रसार में नज़र तो भाजपा और पार्टी का लोगो ही नज़र आ रहा था। जिस पर चुनाव आयोग की सख़्त नज़रें थीं मगर इस पर भी सबने चुप्पी साधे रहना ही बिल्कुल उचित क्यों समझा? पार्टी है बड़ा चुनाव आयोग या चुनाव आयोग से बड़ी हो गई भाजपा पार्टी? और सब कुछ सामने होता देख चुनाव आयोग के सक्षम अधिकारी चुप थे भी तो आखिर क्यों? कहीं इसलिए तो नहीं कि मौजूदा समय में केंद्र में भी और राज्य में भी सत्ता शासन में यही लोग हैं जिन्हें ना ही आदर्श आचार संहिता से कोई खास मतलब है ना ही चुनाव आयोग का कोई डर या भय? चुनाव आयोग की गरीमा पर उठ रहे इन सवालों की असली वजह वे लोग ही हैं जिन्होंने कथा सुनने आए लोगों को लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से भाजपा का गमछा पहनाया और वोट भाजपा में डालने की भी अपील की, जैसा कि वहां आए लोगों में ये चर्चाएं सुनने और देखने को मिलीं।

अब सबसे बड़ा मुख्य सवाल इस पूरे मामले पर कुछ इस तरह उठता है कि 26.04.2024 दिन शुक्रवार को चिरमिरी शहर में आयोजित इस भव्य और खूबसूरत से कार्यक्रम का उद्देश्य तो चिरमिरी भाजपा के लिए क्या था? आयोजित कार्यक्रम जैसा कि बताया गया, यहां के श्रद्धालुओं के लिए था, हज़ारों हज़ारों की तादाद में उमड़ी जनसैलाब तो पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के दर्शन एवं कथा सुनने आई थी, तो वहां भाजपा पार्टी का प्रचार प्रसार खुलेआम उस उक्त स्थान पर कैसे और क्यों संपन्न हुआ? बड़ी गाड़ियों में सरोज पांडेय की तस्वीरें, भाजपा के दिग्गज नेताओं की तस्वीरें और फिर लोगों को पकड़ पकड़ कर भाजपा का गमछा पहनाने वाले भाजपाई भी उस पावन पवित्र धार्मिक माहौल को भी अवसर में बदलने और निजी स्वार्थ की पुर्ति करने से आखिरकार बाज नहीं आए और चुनाव आयोग भी क्यों मुख दर्शक बना रहा? यह हमारे खबर लिखने तक तो मात्र एक सवाल ही है, जिसका जवाब शायद ही दिया जाए?

**लोकसभा एटा का इतिहास...**

## बहुत कठिन है डगर पनघट की क्या गुल खिलाएगी भाजपा की अंतर्कलह



(यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से)

**भाजपा–सपा तू डाल डाल,मैं पांत पांत वाली कहावत पर आधारित है एटा लोकसभा चुनाव।**

भारत की आजादी के उपरांत प्रथम लोकसभा चुनाव में एटा से 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के रोहन लाल चतुर्वेदी ने पहला चुनाव जीतकर सांसद बनने का गौरव हासिल किया था।1957 के लोकसभा चुनाव में हिन्दू महासभा से विशुन चन्द्र सेठ ने चुनाव लड़ा और ऐतिहासिक जीत दर्ज की।सेठ विशुन चन्द्र के विषय मे एक किदवंती बहुत प्रचारित है। *कि उन्होंने दरमियांने चुनाव मुस्लिम लोगों के मध्य एक ही बात कही कि आप मेरे डिब्बे में हांथ न लगा देना, नहीं तो मुझे यह डिब्बा गंगा जी मे डुबोकर पाक करना पड़ेगा।उनकी इस बात पर मुस्लिम समाज ने खूब वोट दिए और कहा कि जा इस डिब्बे को गंगा जी मे पाक कर।* क्योंकि अनपढ़ मुस्लिम समाज उस समय गंगा जी से नफरत करता था।तदोपरांत 1967 से 1971 तक पुनः रोहन लाल चतुर्वेदी सांसद बने।एटा में रेलवे लाइन लाने का श्रेय उन्हीं को है।1977 में एटा लोकसभा से कांग्रेस द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के सताए हुए जनता ने जनता पार्टी से लड़े डॉ0महादीपक सिंह शाक्य ने विजयश्री प्राप्त कर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया।1980 में कांग्रेस के प्रत्याशी मुशीर अहमद ने एटा सीट पर कब्जा जमाया।1984 के लोकसभा चुनाव में जहाँ कांग्रेस लहर में पूरे भारत मे पूर्ण बहुमत की सरकार बनी वही एटा से कांग्रेस प्रत्यासी को भारतीय लोकदल प्रत्याशी मो0महफूज अली खां उर्फ प्यारे मियां ने कड़ी चुनौती देते हुए पटकनी देकर जो इतिहास रचा वह सर्वविदित है।उसके उपरांत 1989 से 1998तक भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 महादीपक सिंह शाक्य ने लगातार जीत दर्ज कर 6 बार सांसद बनने का इतिहास रचा।1999से 2004 तक सपा के कु0देवेंद्र सिंह यादव ने चुनाव जीतकर पहली बार सपा का परचम लहराया। 2009 में भाजपा से अलग हुए और राष्ट्रीय जनक्रांति पार्टी से मा0 कल्याण सिंह सांसद बनने का गौरव प्राप्त किया।उसके बाद 2014 से 2019 और2024 तक कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह ने भाजपा का परचम लहराया।2019 के लोकसभा एटा चुनाव में राजवीर सिंह राजू भैया ने कुं0 देवेंद्र सिंह यादव को 1लाख 22 हजार मतों से हराकर दुबारा सांसद बने।वर्तमान में लोकसभा एटा में लगभग17 लाख मतदाता सांसद के भाग्य का निर्णय करेंगे।कुल मिलाकर 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत ही प्रतिष्ठा का चुनाव नजर आ रहा है।जहां एक तरफ भाजपा प्रत्याशी हैट्रिक लगाने की जुगत में लगे हुए हैं, वही उनको भाजपा की अंतर्कलह का भी सामना करना पड़ रहा है।दूसरी तरफ सपा ने शाक्य समाज के प्रतिष्ठित राजनीतिक विनय शाक्य के छोटे भाई देवेश शाक्य को मैदान में उतार कर भाजपा प्रत्यासी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।यादव,शाक्य, लोधी बाहुल्य सीट होने की बजह से यहाँ का सवर्ण किसी भी प्रत्यासी के भाग्य का फैसला अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेगा।कुल मिलाकर सपा और भाजपा में लोकसभा क्षेत्र एटा को लेकर काफी जद्दोजहद चल रही है।फिर भी लोकसभा चुनाव एटा में यह कहावत सटीक बैठती है, कि बहुत कठिन है डगर पनघट की।

## दिव्य दरबार के लिए चिरमिरी पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री, बीजेपी नेत्री सरोज पांडेय ने भव्य स्वागत कर मांगा आशीर्वाद...

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*



कोरबा 7 बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दिव्य दरबार के लिए एमसीबी जिले के चिरमिरी पहुंचे जहां बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय सहित कई बड़े नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

बाघेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक दिवसीय आध्यत्मिक कथा एवं दिव्य दरबार के लिए चिरमिरी पहुँचे, जहां बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक रेणुका सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले, प्रबल प्रताप सिंह सहित बड़े नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया,

धीरेन्द्र शास्त्री के कथा के कार्यक्रम में जोर शोर से तैयारी दिखी। उनके कार्यक्रम स्थल में पहुचने से पहले देश के कई जगहों से साधू संतो का भी जमावड़ा लगा रहा,

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार मे 5 लाख से अधिक स्थानीय व अलग अलग जगहों से आये श्रद्धालु,भक्त, सनातनी नजर आए। सुबह 8 बजे से ही लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम (गोंदरीपारा) में भक्तों के आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया था, जानकारी के मुताबिक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का यह चिरमिरी में पहला दिव्य दरबार था, जिसमे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ कई अन्य राज्यो से भी श्रद्धालु पहुँचे थे।

बीजेपी नेत्री व कोरबा संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी सरोज पांडेय ने दरबार स्थल में मौजूद भक्तों व श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करती नजर आई और साथ ही उन्होंने सभी भक्तों से जय जय श्रीराम करके उनका स्वागत व अभिवादन भी किया।चिरमिरी में बाघेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के दरबार मे उमड़े जनसैलाब में महिलाओं, बच्चों में खास उत्साह दिखा, पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री के दरबार स्थल में पहुचने पर सभी भक्तों ने जय जयश्रीराम और जय बाला जी सरकार, सीताराम के जयघोष के साथ उनका अभिवादन किया। वही धीरेंद्र शास्त्री ने भजन गायन के साथ अपनी आध्यात्मिक एक दिवसीय हनुमंत कथा को प्रारंभ किया और सभी सनातनियों को रामनाम मे खूब झुमाये और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक कथा को श्रवण किये।

इस दौरान बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोरबा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय ने कथा श्रवण कर व्यास पीठ की आरती करते हुए पीठाधीश्वर श्री धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद मांगा। इस क्रम में बीजेपी नेत्री सरोज पांडेय सहित सभी दिग्गज नेता धीरेंद्र शास्त्री के साथ मंच पर नजर आए और सबने सनातन को जागृत रखने की बात कही।

## सीएम साय ने भाजपा की जीत का किया दावा, कहा भाजपा जीतेगी छत्तीसगढ़ की सभी 11सीट, पटना पहुंचें मुख्यमंत्री ने भाजपा की जीताने की अपील की, झगराखांड नगर पालिका अध्यक्ष भाजपा में शामिल

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

कोरिया। कोरिया जिले के पटना स्टेडियम ग्राउंड में आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रथम बार आगमन हुआ जहां उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय को जीताने की आमजन से अपील की व डबल इंजन सरकार बनाने की बात कही। साथ उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा की छत्तीसगढ में भाजपा 11 की 11 सीट जीतेगी हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के 10 वर्षो के काम का असर है उन्होंने गांव गरीब किसान के लिऐ काम किया है, राम मंदिर निर्माण, तेंदूपता का बोनस, जम्मू काश्मीर से 370 हटा है, तीन महीने में छत्तीसगढ में मोदी की गारंटी को पूरा किया, धान खरीदी, महतारी वंदन आदि के लिऐ काम किया है, कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है 2018 में भी इन्होंने यही काम किया था। एक बहुत बड़ा विश्वास जनता ने किया था इन्होंने विश्वास खो दिया है ये अब ये कुछ भी कर ले, जनता इन्हे नकार चुकी है।

### *वर्तमान सांसद अपने पति की कठपुतली, वो अपने निर्णय नहीं ले सकती - सरोज पांडेय*




पटना में मुख्यमंत्री की सभा में भाजपा की लोकसभा प्रत्याषी सरोज पांडेय ने कांग्रेस पर गरीब कल्याण की योजनाओं को रोकने का आरोप लगाया, उन्होने कहा कि पीएम आवास योजना के 18 लाख परिवारों के आवास की राषि को कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने पैसा ना देकर रोक दिया, पर जैसे ही हमारी सरकार बनी प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी लागू हुई और 3 महिने में 19 लाख पीएम आवास को स्वीकृति मिल गयी। उन्होने कहा कि यहां लगातार कांग्रेस के लोगों ने शासन किया, बीते 5 साल कांग्रेस की सांसद क्षेत्र से गायब रही, अब चुनाव है तो वो दिखाई दे रही है क्षेत्र में उनके कार्यकाल में दो दो कलेक्टर जेल में चले गए। और क्षेत्र की सांसद चुप रहती है। जब उन पर आरोप लगता है तो उनके पति कहते है भ्रष्टाचार का आरोप लगता है राजनीति सें संन्यास ले लेगी, इसका मतलब है कि क्षेत्र की सांसद अपने पति की कठपुतली है। वो अपने स्वयं के निर्णय नही लेती जो निर्णय लेते है उनके पति निर्णय लेते है। कांग्रेस के पास नेता नही है देष का प्रधानमंत्री सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी ही बन सकते है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने कांग्रेस के झगराखांड नगर पालिका अध्यक्ष रजनीष पांडेय ने कई पार्षदों के साथ भाजपा में शामिल हो गए, उन्हें मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर शामिल किया, उन्हें भाजपा में शामिल कराने में अंबिकापुर विधायक राजेष अग्रवाल काफी सक्रिय दिखे, वहीं लोकसभा प्रत्याषी सरोज पांडेय ने भी उनका स्वागत किया और उन्हें मंच की पहली पंक्ति पर बैठने की जगह दी।

# उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्वालियर जिले के डबरा विधानसभा के पिछोर में जनसभा को किया संबोधित

## हर बूथ पर कमल खिलाकर ऐतिहासिक बहुमत से मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है - श्री केशव प्रसाद मौर्य

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं***

ग्वालियर-/- उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्वालियर जिले के डबरा विधानसभा के पिछोर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव अन्य लोकसभा चुनाव से भिन्न है। यह लोकसभा चुनाव देश को विश्वगुरू बनाने के लिए हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर कार्य कर रहे हैं। हर बूथ पर कमल खिलाकर ऐतिहासिक बहुमत से श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। जनसभा को अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य एवं पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने भी संबोधित किया।

***पिछोर क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी***

श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ एक कमल के फूल वाले बटन को दबाकर भ्रष्टाचार मुक्त भारत भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने के लिए मतदान किया इसी तरह हमें 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद देकर श्री नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आप भारत सिंह को सांसद बनाकर दिल्ली पहुंचाएंगे तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

*हम प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं*

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान पहले भारत पर आतंकी हमले करवाता था, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आतंकवाद का




सफाया कर दिया। श्री मौर्य ने कहा की जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर आतंकवाद का सफाया श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा के साथ हम केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं।

***भारत सिंह हमेशा क्षेत्र में विकास और गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करेंगे - श्री लाल सिंह आर्य***

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री लाल सिंह आर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह को अपने-अपने पोलिंग बूथ पर 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में विजयी बनाकर सांसद बनाएं, विकास की गारंटी मैं अपने कंधों पर लेता हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में युवाओं, महिलाओं, गरीबों के विकास के लिए अनेकों योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। भारत सिंह कुशवाह हमेशा क्षेत्र के विकास और गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

***यह चुनाव हमारे देश की प्रगति और उन्नति का चुनाव है- श्री भारत सिंह कुशवाहा***

पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह चुनाव देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का चुनाव है, यह चुनाव हमारे विकास का चुनाव है, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति और उन्नति का चुनाव है, यह चुनाव हमारे गरीब भाई बहनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को आगे ले जाने के लिए हमेशा परिश्रम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा गरीबों के लिए देश के समर्पित भाव से सेवा की है। इस क्षेत्र में जो सड़कों का जाल बिछाया गया है, बड़े-बड़े बांध जिसने इस क्षेत्र को सिंचाई से जोड़ने का काम हमारे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। आप सबका आशीर्वाद मुझे मिले, भारतीय जनता पार्टी को मिले, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मिले। आपके मान-सम्मान के लिए आपके क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, लोकसभा के सह संयोजक श्री वीरेंद्र जैन, श्री राजू खटीक, श्री आलोक शर्मा, श्री सुरेश बघेल, श्री अनूप कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष श्री हिमांशु परसेडिया, श्री अरविंद शर्मा, श्रीमती रानी कुशवाहा मंचासीन रहे।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# मतदान केंद्र 233 अजनेरी

## मतदाताओं का भावनात्मक प्रयास



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम

स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम/अजनेरी -ः बीएलओ और शिक्षक नितिन परसाई ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीणा के निर्देशन और अनुभाग्य अधिकारी सोहागपुर बृजेंद्र रावत, तहसीलदार अलका इक्का, बीआरसी राकेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहा था । मतदान जागरूकता गतिविधियों के कारण मतदान केंद्र 233 अजनेरी का मतदान प्रतिशत 89.01त्न रहा ! कुल 755 मतदाताओं में से 672 मतदाताओं द्वारा मतदान किया महिला मतदाता 309 और पुरुष मतदाता 363 द्वारा मतदान किया ! गर्मी विवाह एवं अन्य सामाजिक कारकों को ध्यान में रखकर आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए मतदान जागरूकता कार्यक्रम लगातार मतदान केंद्र पर चलाए जा रहे थे ग्राम की युवाओं की मतदाता जागरूकता टीम बनाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा था मतदाताओं को मतदान के महत्व को लगातार बताया जा रहा था लगातार संपर्क किया जा रहा था और समझाइस दी जा रही थी मौसम और सामाजिक कार्यक्रम के साथ-साथ आपको आपके मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना है बीएलओ नितिन परसाई ने बताया कि मतदाता दिवस के दिन मतदाता रिया मालवीय और यशवंत कुशवाहा का मतदान दिवस के दिन विवाह होने के बाद भी उनके द्वारा मतदान केंद्र पर आकर मतदान किया गया तत्पश्चात विवाह संबंधित विभिन्न कार्यक्रम मैं उनके द्वारा सहभागिता की गई , मतदाता नितेश मालवीय का पैर फैक्चर होने के बाद भी मतदान केंद्र पर जाकर उनके द्वारा मतदान किया गया। परिवार में दुखद घटना के बाद भी दशरथ कुशवाहा, हाकम कुशवाहा,कैलाश कुशवाहा ,राजकुमार कुशवाहा,हेमराज कुशवाहा और परिवार के सदस्यों द्वारा मतदान के महत्व को समझा और मतदान केंद्र पर आकर मतदान किया ग्राम पंचायत सचिव बंसीलाल अहिरवार ,रोजगार सहायक नरेश पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका विमल बडकुर, पुष्पा कुशवाहा मिथिलेश तिवारी मुक्त तिवारी का लगातार सहयोग मतदाता जागरूकता में प्राप्त हुआ।

### भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कई सभाओं को करेंगे संबोधित

ग्वालियर भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा ग्वालियर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह जी के समर्थन में कल 28 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कई सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री शिवराज सिंह चौहान सुबह10 बजे आरोग्य अस्पताल के पास, बैरजा में विशाल जनसभा, सुबह 11.30 बजे बस स्टैंड, भितरवार में विशाल जनसभा, दोपहर 12 बजे नया बस स्टैंड, बैराड़ में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

# चुनावी रंग में सराबोर हुई थीम रोड़






**चुनावी राहगीरी के माध्यम से शहरवासियों तक पहुँचाया मतदान का संदेश**

**लगभग 400 फीट लम्बे तिरंगे के साथ अद्भुत, अनुपम व अविस्मरणीय मार्च पास्ट**

**एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक एवं रोमांचक कार्यक्रमों ने बांधा समा**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र

ग्वालियर- एक ओर शास्त्रीय नृत्य-संगीत से उठती स्वर लहरियाँ तो दूसरी ओर जोशीला जुम्बा डांस । एक तरफ रोमांचकारी मलखम्ब व लाठी प्रदर्शन तो दूसरी तरफ सुकूनदायी योगासन व ध्यान । इसी तरह एक ओर कलात्मक हॉकी व बास्केटबॉल का प्रदर्शन करते युवा तो दूसरी ओर बच्चों की स्केटिंग व दिव्यांगजन की क्रिकेट । वहीं पारंपरिक खो-खो, सितौलिया व रस्साकस्सी में दमखम आजमाते शहरवासी । साथ ही लांगुरिया गीत व नुक्कड़ नाटक सहित एक से बढ़कर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला । इससे पहले देश की आन-बान-शान के प्रतीक लगभग 400 फीट लम्बे तिरंगे को थामकर युवा, बच्चे व बुजुर्गों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की अगुआई में सीमा सुरक्षा बल के बैंड से झर रही देशभक्तिपूर्ण मधुर धुन के बीच आकर्षक फ्लैग मार्च किया। इससे थीम रोड़ कटोराताल पर अनुपम, अद्भुत, अविस्मरणीय व नयनाभिराम दृश्य साकार हो उठा। इन सभी प्रस्तुतियों से एक ही संदेश निकल रहा था कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी 7 मई को सभी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

मौका था शनिवार की प्रातःकालीन बेला में थीम रोड़ कटोराताल पर स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत आयोजित हुई ÷चुनावी राहगीरी÷ का । इस आयोजन में सांस्कृतिक, बौद्धिक, रचनात्मक व कलात्मक कार्यक्रम एवं पारंपरिक व रोमांचकारी खेलों की प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। जाहिर है थीम रोड़ चुनावी रंग से सराबोर हो गई और शहरवासियों तक वोट डालने का संदेश पहुँचाया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार, एडीएम श्री टी एन सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त विजय राज व श्री मुनीष सिकरवार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन सहित बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग एवं महाविद्यालयीन व स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए।

÷चुनावी राहगीरी÷, ÷चुनाव का रंग मतदाताओं के संग÷ कार्यक्रम का आगाज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विशाल बैनर पर अपने हस्ताक्षर एवं मतदान की अपील कर किया। इसके बाद फ्लैग मार्च निकला। एमएलबी कॉलेज के सामने से शुरू हुआ फ्लैग प्रदर्शन अचलेश्वर चौराहा से यू-टर्न लेकर कटोराताल होते हुए वापस मुख्य आयोजन स्थल पर पहुँचा।

÷मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया÷ लोकगीत की धुन पर शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मतदान पर केन्द्रित संगीतमयी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी तरह छाया मंदिर के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान का महत्व रेखांकित किया।

कार्यक्रम में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

**मनोहारी चित्रकला व रंगोली से मतदान का संदेश**

कार्यक्रम में स्थानीय ललित कला महाविद्यालय के विद्यार्थियों और शहर के अन्य युवाओं ने मनोहारी पेंटिंग (चित्रकला) की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही मौके पर भी मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए एक से बढ़कर एक पेंटिंग उकेरीं। इसी तरह आंगनबाड़ियों से जुड़ी महिलाओं द्वारा प्रेरणादायी रंगोली बनाई गई।

**हर प्रस्तुति के प्रतिभागयों को प्रोत्साति करने पहुँचीं कलेक्टर**

÷चुनावी राहगीरी÷ कार्यक्रम में आयोजित हुई सभी प्रस्तुतियों के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व एसपी श्री धर्मवीर सिंह पहुँचे। साथ ही सभी के साथ समूह फोटो भी खिंचवाई।

**कलेक्टर एवं एसपी ने रस्सा-कस्सी में आजमाए हाथ**

पारंपरिक खेल रस्साकसी का प्रदर्शन भी चुनावी राहगीरी में हुआ। इसमें कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने भी भागीदारी की।

**लजीज पारंपरिक व्यंजन भी रहे आकर्षण का केन्द्र**

कार्यक्रम स्थल पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन के स्टॉल लगाए थे। साथ ही मौके पर ही एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन बनाकर तैयार किए। कलेक्टर एवं एसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने इन व्यंजनों का खूब लुफ्त उठाया।

**स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर भी लगे**


चुनावी राहगीरी कार्यक्रम में पीड़ित मानवता की सेवा का काम भी हुआ। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। साथ ही इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क जाँचें कर दवाएँ वितरित की गईं।

# जनपद सदस्य मकसूद आलम को कलेक्टर ने जनपद सदस्य पद से हटाया, लाभ अर्जन के मामले में विधायक प्रतिनिधि की शिकायत पर कलेक्टर ने जनपद सदस्य को पद से हटायां

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा ।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

मनेन्द्रगढ़। जनप्रतिनिधि होकर लाभ अर्जन के मामले में दोषी पाए जाने पर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के सदस्य मकसूद आलम को कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने जनपद सदस्य पद से हटा दिया है। केल्हारी के भाजपा नेता व विधायक रेणुका सिंह के विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता की शिकायत पर यह कार्रवाई कलेक्टर ने की है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के सदस्य मकसूद आलम द्वारा जनपद सदस्य पद पर रहते हुए अपने जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मटेरियल सप्लाई का काम खुद के फर्म से किया जा रहा था। जनपद सदस्य द्वारा लाखों रुपये की मटेरियल सप्लाई की गई। जिसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने वर्ष 2021 में कलेक्टर कोरिया से की गई, लेकिन कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक गुलाब कमरो का प्रतिनिधि होने व पूर्व सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के कारण कोई कार्यवाही नही की गई। प्रदेश में सरकार बदली



और भाजपा सत्ता में आई तब विधायक प्रतिनिधि ने फिर इस मामले की शिकायत मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर से की और कलेक्टर ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच करवाई और मामला सही पाए जाने के बाद कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर डी राहुल वेंकट ने पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 (1) के तहत दोषी पाए जाने के बाद जनपद सदस्य मकसूद आलम को तत्काल जनपद सदस्य पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है।

***विष्णु के सुशासन वाली सरकार ने की कार्रवाई***

इस पूरे मामले के शिकायतकर्ता विधायक प्रतिनिधि भाजपा नेता रवि गुप्ता ने बताया कि उन्हें क्षेत्र की जनता से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि, जनपद सदस्य मकसूद आलम द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए पंचायतों में दबाव बनाकर खुद मटेरियल सप्लाई कर लाभ अर्जित कर रहे है। इस पर मैंने 2021 में कलेक्टर कोरिया को शिकायत की थी, लेकिन उस वक्त प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के कारण और मकसूद आलम के जनपद सदस्य होने के साथ ही पूर्व विधायक गुलाब कमरो के प्रतिनिधि होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं कि गई। अब प्रदेश में विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार है और भ्रष्टाचरियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है उसी के तहत यह कार्रवाई करते हुए मेरी शिकायत पर मकसूद आलम को कलेक्टर ने तत्काल जनपद सदस्य के पद से हटा दिया है।

# चुनाव के रंग मतदाताओं के संग कार्यक्रम में शहर की सामाजिक संस्थाओं ने लिया भाग




ग्वालियर- ज्योति भावना महिला स्वास्थ्य कल्याण समिति एवं वीरांगना मंडल द्वारा नगर निगम और निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता कैंपियन की गई संस्था द्वारा विभिन्न तारों के साथ लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई वोटरों को समझाया गया कि आपका मत ही एक अच्छी सरकार को चुन सकता है जो कि राष्ट्र हित के लिए अति आवश्यक है क्योंकि अच्छी सरकार होगी तो ही विकास का कार्य हो पाएगा और देश उन्नति करेगा विश्व में अपनी अलग पहचान बन पाएगा अच्छे पढ़े-लिखे व्यक्ति की पहचान है कि वह अपने मत का सही दिशा में उपयोग करें सही व्यक्ति का चुनाव करें और देश को समृद्ध साली बनने में सहयोग करें अच्छी सरकार अच्छा देश साथ ही संस्था की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति सिंह चौहान और संस्था के समस्त सहयोगियों साथियों के द्वारा नारे दिए गए सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो इस तरह के नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम कटोरा ताल थीम रोड ग्वालियर मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया।

# धर्म जाति वर्ग समुदाय को बांटने और झूठ फैलाने का काम करती है भाजपा=पंकज



लखीमपुर खीरी दि.26/4/024 को लखीमपुर ब्लाक प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता/सह प्रभारी लखनऊ मंडल किसान कांग्रेस यूपी देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ ने आज कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ÷मधुर÷ के समर्थन में बैरागर ,,हरदासपुर ,, लगुचा ,, महगूखेड़ा ,, पिथवापुर आदि कई गांव का भ्रमण कर नुक्कड़ सभाएं करी इस दौरान देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ ने कहा दस सालों तक जनता को ठगने और जुमले देने के बाद मोदी और भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है, बीते दस सालों में देश ने सिर्फ बेरोजगारी, आर्थिक तंगी, अपराध, अत्याचार, टूटता सामाजिक ताना-बाना और लोकतंत्र पर प्रहार देखा हैं।

लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में जनता ने ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन को अपना समर्थन और आशीर्वाद देते हुए भाजपा को खदेड़ कर 400 पार की हवा निकाल दी हैं।और परिवर्तन की ये आंधी अभी भी चल रही है जो सातवें चरण तक जारी रहेगी और भाजपा को सत्ता से बाहर कर देश को न्याय की ओर लेकर जाएगी।चुनावी रैलियों की घोषणा से साफ है कौन देश को क्या देना चाहता हैं कांग्रेस (ढ्ढहृष्ठढ्ढ) 30 लाख सरकारी नौकरी पहली नौकरी पक्की गरीब महिला को 1 लाख किसान को रूस्क्क जातिगत जनगणना और भाजपा/मोदी =मीट मच्छी मुसलमान मंगलसूत्र,,कांग्रेस सरकार में आते ही किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करेगी युवाओं का एजुकेशन लोन माफ करेगी ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र वर्मा ने कहा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ÷मधुर÷ को जिताकर देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में भेजिए और राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करिए ताकि देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ सके देश में भाईचारा कायम हो सके देश सुरक्षित हाथों में जा सके,, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा लखीमपुर जिला अस्पताल में कई वर्षों से हार्ट का कोई डॉक्टर नहीं है सारे विधायक भाजपा के दोनों सांसद भाजपा के यूपी और केंद्र में सरकार भाजपा की उसके बाद भी एक हार्ट के डॉक्टर का अपार्टमेंट नहीं कर पाए जनता त्राहि त्राहि कर रही है सुनने वाला कोई नहीं है

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र वर्मा,, कामिल उस्मानी ,,इकबाल अहमद खान,,शोभित शर्मा,, सत्येंद्र सोनी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

# शादी समारोह से वापस लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों की छोटा हाथी से टकराकर मौत

### ग्रामीणों ने लगाया जाम। अधिकारियों ने समझा बुझा कर जाम खुलवाया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



Nagina Jila Bijnor Nagina Kesariya Hindustan Nagina ।छोटा हाथी वाहन बाइक की भीषण टक्कर में बाइक सवार 3 युवकों की मौत हो गई घटना से गुस्साए परिजनों व. ग्रामीणों ने जाम लगा दिया सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने ग्रामिणो को समझाबुझाकर जाम खुलवाया पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये जबकि छोटा हाथी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। कस्बा बढ़ापुर के मौहल्ला नौमी निवासी 19 वर्षीय गौरव पुत्र अमर सिंह , 18 वर्षीय प्रिंस पुत्र महेन्द्र सिह व 19 वर्षीय वंश पुत्र नरपाल सिंह क्षेत्र के ग्राम नेकपुर में एक शादी समारोह में शामिल होकर एक ही बाइक पर सवार होकर वापस आ रहे थे शनिवार की सुबह 4 बजे करीब जब उनकी बाइक थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम सत्तार वाला के पास पहुंची तो डी,जे सैट से लदे छोटा हाथी से बाइक की भीषण टक्कर हो गई जिससे बाईक पर सवार 2 युवकों गौरव तथा प्रिंस की मौके पर ही मौत हो गई तथा वंश गंभीर रुप से घायल हो गया तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने एकत्र होकर सड़क पर जाम लगा दिया , सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ व नगीना थाना देहात प्रभारी हंभीर सिंह जादौन घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया तथा जाम खुलवाया और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर गंभीर रुप से घायल वंश को उपचार के लिए सी,एच,सी नगीना भिजवाया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर नवीन चौहान ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया बाद में परिजन उपचार के लिए उसे मेरठ ले गये बताया जा रहा है कि मेरठ में. उपचार के दौरान गंभीर घायल वंश की भी मौत हो गई ,मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है ।

# दबंगो की दबंगई तमंचा दिखाकर काट ली गई खेतों की फसल


### यह मामला थाना क्षेत्र कुठौंद के ग्राम रन्धीरपुर का

कुठौंद जालौन ! कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रन्धीरपुर में प्रार्थिनी सुंदरी देवी पत्नी स्वर्गीय चंद्रपाल व पुत्र कुलदीप सिंह मौजा रन्धीरपुर स्थित खाता संख्या 035 के गाटा संख्या 1.902 हेक्टेयर ,गाटा संख्या 45 रकबा 0.454



हेक्टेयर, गाटा संख्या 204 रकवा 0.785 हेक्टेयर , व गाटा संख्या 343 क रकवा 0.243 हेक्टेयर का कुल चार किता का संपूर्ण रकवा 3ज़्384हेक्टेयर का विरासत के आधार पर मालिक काबिज चले आ रहे हैं! तथा खेतों की जुताई तथा बुवाई करते चले आ रहे हैं ! जबकि विगत वर्ष में प्रार्थिनी के हक में जरिए न्यायालय तहसीलदार के द्वारा आधिकारिक फैसला प्रार्थिनी के पक्ष में हुआ था! इसके बावजूद दिनांक 17 अप्रैल 2024 को समय करीब 2ञ्30 से 4बजे के बीच गांव के ही लोग रामचंद्र पुत्र रामस्वरूप सिंह सूर्यभान सिंह उर्फ सुनील पुत्र रामबरन सिंह (प्रॉपर्टी डीलर) मोहित पुत्र रामचंद्र, गजेंद्र पुत्र केशव सिंह ,शिवम उर्फ शिवा पुत्र राजेंद्र सिंह आदि ने तमंचा तथा लाठी डंडा के बलबूते पर प्रार्थना के खेत में खड़ी बेझर की फसल को जबरन कटवाकर भर ले गए! प्रार्थिनी उसे समय घर पर अकेली थी !प्रार्थिनी को जब यह जानकारी हुई तभी आनन -फानन प्रार्थिनी ने मौके पर जाकर उक्त लोगों को फसल ले जाने से मना किया तो उक्त सभी लोगों ने एक राय होकर पीडिंता की गाली गलौज करने लगे तथा पीडिंता के कनपटी पर तमंचा लगा दिया और कहने लगे बुढ़िया यहां से चुपचाप चली जा वरना तुम्हारे गोली मार देगे ! और तुम्हारे साथ-साथ तुम्हारे पुत्र को भी जिंदा नहीं छोड़ेंगे! पीडिंता भयभीत होकर अपने घर वापस आ गई इसके बाद उक्त घटना के संबंध में अत्यंत भयभीत होने के बावजूद पीडिंता ने थाने में शिकायत की लेकिन दिए गए प्रार्थना पत्र के बाबजूद न ही तो किसी प्रकार की मामले जांच की गई और ना तो उक्त लोगों के ऊपर कोई कार्यवाही! यदि सुरक्षा के जिम्मेदारानों का ऐसा ही रवैया रहा तो अपराधियों के हौसले बुलंद होते रहेंगे और अपराध अपनी चरम सीमा की ओर पहुंच जाएगा!

# चित्र परिचय: संस्कृति विवि द्वारा आयोजित आनलाइन अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेते विद्वान




### संस्कृति विवि की अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में बताया भारतीय ज्ञान का महत्व

मथुरा । संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार %% इंडियन नॉलेज सिस्टम'% विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ऑनलाइन किया गया। यह आयोजन डीश् एसश् कॉलेज अलीगढ़ के साथ संयुक्त रूप से किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान की परंपराओं और अपने इस ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ तालमेल बिठाए जाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय ज्ञान के साथ आधुनिक विज्ञान का तालमेल विश्व को आगे ले जाने में बहुत मददगार और उपयोगी सिद्ध होगा।

सेमिनार का शुभारंभ संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने किया। उन्होंने सेमिनार की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए और विश्व को यह बताने के लिए कि हमारे ऋषियों ने कितनी कड़ी मेहनत और वर्षों के अनुसंधान के बात अनेक जटिल समस्याओं का समाधान वर्षों पहले कर लिया था, ऐसी सेमिनार बहुत उपयोगी हो जाती हैं। सेमिनार के मुख्य अतिथि एनसीआरटी नई दिल्ली के प्रोफेसर विजय पाल सिंह ने भारतीय ज्ञान के गौरव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व को यह बताना जरूरी है कि हम बहुत सारे ज्ञान के क्षेत्रों में कितने आगे हैं। सीईओ डॉश् मीनाक्षी शर्मा ने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व को रेखांकित किया। कुलपति प्रोश् एमश् बीश् चेट्टी ने भारतीय ज्ञान की आधारशिला के महत्व को बताया और आधुनिक ज्ञान से जोड़ कर शिक्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन को बताया। स्कूल ऑफ एजुकेशन की डीन डॉश् रेनू गुप्ता ने बताया कि शिक्षा की आधारशिला ही भारतीय ज्ञान परम्परा है, जब पूरे विश्व में अंधकार था तब भारत में ज्ञान का दीपक जल रहा था, भारतीय ज्ञान एवं दर्शन से विश्व प्रभावित हुआ हैं।

सेमिनार में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आवश्यकता भारतीय ज्ञान को विश्वस्तर पर आधुनिक कहे जाने वाले ज्ञान के साथ जोड़कर भविष्य की संभावित समस्याओं के हल करने की है। हमारे देश ने जिस तरह से वसुधैव कुटुम्बकम के द्वारा सारे विश्व को जोड़ने का संदेश दिया उसी तरह से भारतीय ज्ञान का लाभ भी सारा विश्व उठा सकता है। सेमिनार में डॉश् विन्नारास निथ्यनंथम मलावै अफ्रीका, प्रोश् एन के दास, डॉश् मुकेश कुमार भारद्वाज ने भी भाग लिया।

# दिनदहाड़े घर से उठा ले गए युवक को

### पिता ने लगाया ससुरालीजनों पर अपहरण का आरोप

मथुरा। जमुनापार थाने की श्यामापुरम कालोनी से आज दिन दहाड़े बुलेरो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग एक युवक को घर से उठा ले गए। पिता ने अपहृत बेटे के ससुरालीजनों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पीड़ित का कहना है कि थाना पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई न किए जाने पर उसने एसपी सिटी कार्यालय पहुंचकर परिवार के साथ बेटे का पता लगाए जाने की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार जमुनापार पैंठ के निकट स्थित श्यामापुरम कालोनी में रहने वाले रामेश्वर उर्फ सोनू (30) का आज सुबह 8 बजे बुलेरो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग उस समय अपहरण कर ले गए जब उसकी मां पड़ोस में दूध लेने गई थी और घर में मौजूद पिता को मारपीटकर कमरे में बंद कर दिया। शोर मचाने पर कालोनी के लोग जबतक इकट्ठा हुए तबतक बुलेरो सवार भाग चुके थे। पुलिस तहरीर में पिता बांकेलाल का कहना है कि 15 वर्ष पूर्व उनके बेटे रामेश्वर उर्फ सोनू की शादी हाथरस जिले के भगहाना खंदौली के रहने वाले बनवारी लाल की बेटी की शादी ऊषा के साथ हुई थी। जिसका उसका एक बेटा भी है। पुलिस तहरीर में आरोप लगाया है कि पुत्रवधु का परिवार में काफी क्रूर व्यवहार था आए दिन वह अपने पति को मारती पीटती थी। इसे लेकर 25 जनवरी को ऊषा ने अपने भाई जीतू, श्यामवीर और भूरा को बुला लिया। इन तीनों ने ससुरालीजनों को धमकी दी कि यदि उनकी बहन ऊषा के कहने पर नहीं चले तो जान से मार देंगे। बताया गया कि आज सुबह लगभग आठ बजे ये तीनों भाई अपने पांच-छह साथियों के साथ बुलेरों में सवार होकर आए और रामेश्वर को गाड़ी में डालकर ले गए। इसकी सूचना परिजन जब जमुनापार पुलिस चौकी देने पहुंचे तो किसी ने उनकी एक न सुनी। पीड़ित परिवार ने बेटे की जल्द से जल्द पता लगाए जाने की मांग की है।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान जवान की मौत

मथुरा। शुक्रवार लोकसभा चुनाव मतदान के दौरान जमुनापार क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के मुख्य आरक्षी की हार्टअटैक से मौत हो गई। शनिवार पुलिस लाइन में पोस्टमार्टम के बाद जवान को अंतिम विदाई दी गई। बताया गया है कि लोकसभा चुनाव डियूटी के दौरान भारत तिब्बत सीमा पुलिस के मुख्य आरक्षी कुलदीप की ह्दयगति रुकने से मृत्यु हो गई थी। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद मृतक जवान के शव को पुलिस लाइन शहीद स्थल ले जाया गया जहां उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर डीआईजी आईटीबीपी, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# अबागढ़ टूंडला एटा मार्ग व में बाजार में रहती है जाम की समस्या

आजकल अवागढ़ में सबसे प्रमुख मुद्दा जाम की समस्या का बना हुआ है पहले की अपेक्षा अवागढ़ कस्बा में क्षेत्र की आबादी में जैसे-जैसे बढ़ोतरी हुई है तथा वाहनों की संख्या में भी काफी इजफ़ा हुआ है तब से नगर के में न बाजार में बसे तथा कारों की आगमन से जाम की स्थिति बनी हुई हैकस्वाई



एवं ग्रामीणों से आज हिंदुस्तान ने अपनी बात रखी तो उन्होंने जाम के मुद्दे पर अपनी चर्चा की में न बाजार में लोगों ने नालियों के ऊपर फड़ बनाकर रास्ता जाम कर दिया है जिससे बाजार में राहगीरों का निकलना मुश्किल हो रहा है नालियों के ऊपर जो पटिया रखी गई है उनसे बाजार के रास्ते में जाम लगा रहता है में बाजार में दिन में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए तथा टूंडला मार्ग पर आए दिन जाम लगा रहता है जिससे घंटे वहां जाम में फसी रहते हैं राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है अभागढ़ चौराहे पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए या नगला लोधा से जिनावली के बंबा पटरी पर बाईपास बना दिया जाए जिससे लोग थाने के पीछे होकर सीधे एट तथा जलेसर दोनों मार्ग पर जा सकते हैं जिस चौराहे पर जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी दूसरी समस्या आयातनगर में बिजली में यदि कहीं फाल्ट आता है ट्रांसफार्मर खराब होता है या लाल टूटते हैं तो पूरे नगर की विदेश आपूर्ति बाधित होती है इसके लिए नगर को दो भागों में बताकर दो फीडर कर दिए जाएं जिससे नगर की आपूर्ति सच्चर रूप से चल सके

# मीटर में रीडिंग अटैस्ट के नाम पर वसूली कर रहे हैं विद्युत विभाग के कर्मचारी

### शिकायत करने पर घर लौटाने गए पैसा

मथुरा। विद्युत विभाग की अनियमितताओं से आम उपभोक्ता परेशान हैं। मीटर रीडिंग के नाम पर उपभोक्ताओं को डराया धमकाया जा रहा है। अभी हाल में गोवर्धन मथुरा मार्ग पर उपखंड दतिया फीडर पर मीटर में रीडिंग अटैस्ट के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लोगों ने लगाया है। इस संबंध में बताया गया है कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग के लोग मीटर में लोड ज्यादा बताकर सीएमडी ज्यादा बताकर उपभोक्ताओं को धमकाते हैं कि आप के नाम एफआईआर हो जाएगी। बिल अलग बनेगा। बताते हैं कि लगभग एक उपभोक्ता का पचास से साठ हजार रुपया तक का बिल कहकर उसे यहीं पर समायोजित करने के नाम पर उनसे वसूली की जा रही है। डर की वजह से उपभोक्ता आधे-आधे में पैसा देकर मामला सुलझा लेता है। बताते हैं कि जिनके यहां पर एसी लगे हैं उनकी सीएमडी वैल्यू आ ही जाती है। दतिया फीडर पर यह अवैध वसूली का धंधा जोरों पर है। जिसकी शिकायत उपभोक्ता लगातार कर रहे हैं। यह भी आरोप है कि टीजी-2 व क्षेत्रीय अवर अभियंता ने हमरा नगला भोज व महराजा ग्रीन से लगातार उपभोक्ताओं को डरा धमकाकर पैसे वसूले जा रहे हैं। इसके लिए इन लोगों ने प्राइवेट रूप से कुछ लड़के उगाही के लिए लगा रखे हैं। पूरे दिन इनका कार्य उगाही का रहता है। इस संबंध में भ्रष्टाचार निवारण मुमेंट के प्रदेश सचिव एचपी शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने वरुण कुमार टीजी-2 को दूरभाष से बात की और वसूली की शिकायत की तो दूसरे दिन उपभोक्ता को पैसा वापस करने घर पहुंच गए और कहा कि यहीं मामला रफा-दफा कर लिया जाए। इस संबंध में उन्होंने मुख्य अभियंता विद्युत अभियंता से शिकायत की है ऐसे लोगों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।




# लाखो के आभूषण चोरी करने व खरीदने वाला गिरफ्तार

औरैया27अप्रैल। विगत दिवस थाना अजीतमल आर्यनगर से लगभग 4 लाख रुपए के जेवर चोरी करने वाले 2 चोरों व जेवर खरीदने वाले व्यापारी को चोरी के माल सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस कप्तान चारु निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस अजीतमल के आर्य नगर में रहने वाले हरिओम पांडे ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ सोने व चांदी के जेवर चोरी करने का मुकदमा थाने में दर्ज कराया था। उनकी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने चोरों की खोजबीन आरंभ की तो मुखबिर की मदद से पुलिस ने सौरभ उर्फ रिक्की मिश्रा व अमरदीप उर्फ नीशू पांडेय को चोरी के 4लाख 50 हजार कीमत के जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार राममोहन को भी गिरफ्तार कर लिया।

# गस्त के दौरान पुलिस को मिली सफलता दो किलो गांजे सहित व्यक्ति को किया गिरफ्तार

### दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट

झांसी के मऊरानीपुर में पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान 2 किलो ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद गांजा को कब्जे में लेकर गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण



व क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुलिस को सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा हरनारायण पटेरिया उर्फ ठलू निवासी ग्राम केलुआ को कोडार नदी के पास 2 किलो अवैध गांजा व तौलने वाले एक छोटे तराजू 50 ग्राम का बांट सहित गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त लंबे समय से गांजा विक्री कर रहा था जिसकी सूचना मिल रही थी लेकिन जिसको लेकर थाना प्रभारी अखिलेश द्विवेदी ने टीम गठित कर गांजा सहित अभियुक्त को पकड़ा है। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम हरनारायण पटेरिया उर्फ ठलू निवासी ग्राम केलुआ थाना मऊरानीपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी ने बताया कि वह गांजा बिक्री करने आया था। पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

# पहले मतदान इसके बाद खानपान सब कामों को छोड़कर करना है मतदान

### कुठौंद ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कुठौंद जालौन ! तहसील जालौन के विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत कुठौंद ब्लॉक संसाधन केंद्र मदारीपुर पर मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई !जिसमें उप जिला अधिकारी अतुल कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार उत्तम द्वारा मतदाता शपथ,शिविफ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत कर मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया गया! जिस गांव-गांव में लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा और उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग करने से हम अपने माता अनुसार सरकार का चुनाव करते हैं! यह चुनावी पर्व महापर्व के रूप में माना जाता है जैसे की संगम पर पड़ने वाला महाकुंभ हो !इसीलिए 5 वर्ष में आने वाले चुनाव भी कोई महाकुंभ से काम नहीं माने जाते हैं !आप सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि आप सभी मतदाता अपने-अपने पोलिंग बूथों पर समय से जालौन गरौठा भोगनीपुर लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में होने वाले सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया को 20 मई2024 को मतदान करने के लिए जरूर जाएं!

# महिला को लिफ्ट देने के बहाने चलती कार में हुई छेड़खानी

### पीड़ित महिला ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

*ब्यूरो रिपोर्ट - पवन पाण्डेय*

चित्रकूट - रायबरेली जिले के ऊंचाहार थाने के एक गावं के निवासी युवती ने राजापुर के युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पीडिता ने बताया कि बीती 24 अप्रैल को सबेरे 7-8 बजे वह मंझनपुर के ओसा चैराहा के पास खडी होकर चित्रकूट आने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इस दौरान एक बार सवार व्यक्ति चित्रकूट की ओर आ रहा था। उसने कार सवार युवक से लिफ्ट मांगी तो कार सवार ने उसे अपनी चार पहिया गाडी में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद कार सवार युवक ने उसका नाम पूछा जिसके बाद पीड़िता ने भी युवक से नाम पूछा जिस पर उसने अपना नाम राहुल केशरवानी निवासी लूकलाइन राजापुर बताया और कहा कि वह लूक लाइन में एक दुकान का मालिक है। इसके बाद कार के राजापुर पुल पार करने के दौरान युवक ने उसके साथ छेड़छाड और अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर आरोपी ने कहा कि इस घटना के बारे में किसी से बताने पर वापस रायबरेली नहीं जा पाएगी। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।



# अशफाक इंटर कॉलेज में शत-प्रतिशत रहा रिजल्ट लड़कियों ने मारी बाजी



भोजपुर। शनिवार को अशफाक हुसैन इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित शैक्षिक सत्र 2024 का हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का जैसे ही परिणाम घोषित हुआ कॉलेज के छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे जिसमें 10 टॉपर छात्र-छात्रा को मैनेजमेंट कमेटी द्वारा बुकेट एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया प्रथम स्थान इंटर की छात्रा कु आसिफा ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए इसका श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों और अपने मां बाप को दिया। और द्वितीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अखलाक हुसैन ने सभी छात्र-छात्रा को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर मुस्तकबिल के लिए देश सेवा के प्रति तालीम को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अखलाक हुसैन, मास्टर मोहम्मद उवैस,जगपाल सिंह विजेंद्र,रहमत अली,राजेंद्र सिंह,जोगिंदर सिंह,मोहम्मद यूसुफ,अनिल कुमार,जसपाल सिंह, शाहीन,शबाना,शाजिया,संध्या सैनी, भारी संख्या में छात्र और छात्राएं मौजूद रहे।

# गांधवानी में अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री के मामले में की गई कार्रवाई

इंदौर (इंदौर संभाग ब्यूरो ) - आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुए धार पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के दिशा निर्देश में जारी ऑपरेशन प्रहार के तहत धार पुलिस द्वारा अंतराज्जयीय अवैध फायर आर्म्स निर्माता व तस्कर गिरोह के 04 आरोपियो को अवैध फायर आर्म्स निर्माण फैक्ट्री सहित गिरफ्तार किया।

टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे से 22 अवैध देशी 12 बोर के कट्टे, अवैध फायर आर्म्स निर्माण का कारखाना उपकरण कुल मश्रुका कीमती 3,10,000/- रुपये को जप्त किया।

एस.डी.ओ.पी. मनावर श्री अंकित सोनी (भापुसे), सायबर सेल धार, थाना गंधवानी व थाना कुक्षी पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना गंधवानी के गैंग हिस्ट्रीशीटर बदमाश अमृतसिंह सिकलीगर के ग्राम बारिया स्थित घर पर दबिश देकर 04 आरोपियो को अवैध फायर आर्म्स फेक्ट्री (कारखाना) सहित गिरफ्तार किया।

टीम द्वारा चारो आरोपियो के कब्जे कुल 22 अवैध देशी 12 बोर के कट्टे, अवैध फायर आर्म्स निर्माण फैक्ट्री (कारखाना) उपकरण कुल मश्रुका कीमती 3,10,000/- रुपये को किया जप्त।

गिरफ्तारशुदा आरोपियो में आरोपी अमृतसिंह पर उ.प्र. राज्य के जिला झांसी के सिप्री बाजार थाने पर 01, रतलाम जिले के थाना जावरा शहर पर 01 व जिला धार के थाना गंधवानी पर 01, कुल 03 अवैध आर्म्स के अपराध पंजीबद्ध है। रतलाम जिले के थाना जावरा शहर में आरोपी अमृतसिंह के विरूद्ध 10 साल पुराना स्थाई वारंट जारी है। वही आरोपी नानुसिंह पर जिला खरगोन के थाना भगवानपुरा में 02 अवैध आर्म्स के प्रकरण पंजीबद्ध है।

आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर(ग्रामीण) रेंज इन्दौर श्री अनुराग व उप पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर (ग्रामीण) रेंज इन्दौर श्री निमिष अग्रवाल के द्वारा पुलिस अधीक्षक धार श्री मनोज कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार डॉ. इंद्रजीत बाकलवार के नेतृत्व में धार जिले में अवैध हथियार निर्माता व तस्करी के कार्य में संलिप्त गिरोह की पतारसी व धडपकड़ हेतु जिले के समस्त नपुअ/एसडीओपी महोदय, थाना प्रभारियो के साथ-साथ सायबर शाखा पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह सिसौदिया व सायबर शाखा प्रभारी भेरुसिंह देवड़ा को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।




इसी तारतम्य में कल दिनांक 26.04.2024 को धार पुलिस को सूचना मिली कि थाना गंधवानी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बारिया में अमृत पिता मनोहर सिकलीगर अपने साथियो के साथ मिलकर अपने पक्के मकान की छत पर बने पतरे के शेड में अवैध हथियारो का निर्माण कर रहा है।

मुखबिर की सूचना पर से अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर श्री अंकित सोनी, (भा.पु.से.), सायबर शाखा पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी गंधवानी निरीक्षक कैलाश बारिया, थाना प्रभारी कुक्षी निरीक्षक राजेश यादव व सायबर शाखा प्रभारी भेरुसिंह देवड़ा की अलग-अलग टीमो का गठन किया गया। टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम बारिया में अमृतसिंह के घर पर दबिश देते हुए छत पर पतरे के शेड के नीचे बैठ कर 04 व्यक्तियो को लोहे के औजारो से अवैध देशी फायर आर्म्स निर्माण कार्य करते रंगे हाथ पकडा। मौके से चारो आरोपियो के कब्जे से 07 अवैध देशी 12 बोर के कट्टे, हथियार बनाने की फैक्ट्री उपकरण-एक हाथ भट्टी, लोहे की हथोड़ी, ग्राइंडर काटने वाला, कनाश, आरी के पत्ते, लोहे का पाईप, छैनी आदि को विधिवत जप्त कर चारो आरोपियो के विरूद्ध थाना गंधवानी में अपराध क्रमांक 182/24 धारा 25(1)(ड्ड), 25(1ة), 25(1ة) आर्म्स एक्ट का पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया ।

### गिरफ्तार आरोपियो के नाम

1 अमृतसिंह पिता मनोहर सिंह छाबडा जाति सिकलीगर उम्र 28 साल निवासी ग्राम बारिया थाना गंधवानी जिला धार (म.प्र.)

2 नानूसिंह पिता वीरसिंह बडौले उम्र 31 साल निवासी धुलकोट थाना भगवानपुरा जिला खरगोन (म.प्र.)

3. सुरजसिंह पिता चन्दरसिंह चावडा जाति सिकलीगर उम्र 38 साल निवासी सिगनुर थाना गोगांव जिला खरगोन (म.प्र.)

4. विकाससिंह पिता सुरजसिंह चावला उर्फ पटवा जाति सिकलीगर उम्र 19 साल निवासी ग्राम सिगनुर थाना गोगांव जिला खरगोन (म.प्र.)

गिरफ्तार आरोपियो ने पूछतांछ में बताया है कि हम सभी यहां अवैध हथियार बना रहे थे। आरोपी अमृतसिंह व सुरजसिंह ने बताया कि उनके द्वारा बनाए गए हथियार में कुछ हथियारो को हमने ग्राम बारिया स्टेडियम के पास नहर किनारे छुपाकर रखे है। आरोपियो की निशादेही पर से धार पुलिस द्वारा कल रात्रि में कुल 15 नग अवैध देशी 12 बोर के कट्टे ग्राम बारिया स्टेडियम के पास नहर किनारे से बरामद किए है।

### जप्त मश्रुका का विवरण

1. चारो आरोपियो से मौके से 07 अवैध देशी 12 बोर के कट्टे व अवैध फायर आर्म्स निर्माण के उपकरण कुल 22 नग अवैध 12 बोर के कट्टे व आर्म्स निर्माण फैक्ट्री के उपकरण कुल मश्रुका कीमती 3,10,000/- रुपये

2. आरोपियो की निशादेही से 15 अवैध देशी 12 बोर के कट्टे आरोपी अमृतसिंह पिता मनोहर सिंह सिकलीगर निवासी ग्राम बारिया थाना गंधवानी का अपराधिक रिकार्ड

### क्र. राज्य जिला थाना अप.क्रमांक धारा

1. मध्यप्रदेश रतलाम जावरा शहर 432/05 25, 27 आर्म्स एक्ट
2. उत्तरप्रदेश झांसी सिप्री बाजार 463/18 25 आर्म्स एक्ट
3. मध्यप्रदेश धार गंधवानी 378/14 25() (ष्ठ), 27 आर्म्स एक्ट

आरोपी अमृतसिंह वर्ष 2005 में जिला रतलाम के थाना जावरा शहर में गिरफ्तार हुआ था, जमानत मिलने पर वापस कोर्ट पेशी पर नही जाने से आरोपी अमृतसिंह पर श्री अतुल सक्सेना, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जावरा जिला रतलाम द्वारा दिनांक 13.12.2014 को आरोपी अमृतसिंह की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया है।

आरोपी नानुसिंह पिता वीरसिंह बडौले निवासी ग्राम धुलकोट थाना भगवानपुरा जिला खरगोन का अपराधिक रिकार्ड

### क्र. राज्य जिला थाना अप.क्रमांक धारा

1. मध्यप्रदेश खरगोन भगवानपुरा 78/17 25, 27 आर्म्स एक्ट
2. मध्यप्रदेश खरगोन भगवानपुरा 174/17 25, 27 आर्म्स एक्ट

सराहनीय कार्यवाही- चारो आरोपियो को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी गंधवानी निरीक्षक कैलाश बारिया, थाना प्रभारी कुक्षी निरीक्षक राजेश यादव, उनि बालसिंह ठकराव, उनि धनसिंह, प्रआर. मिट्ठुसिंह, आर. रामकिशोर, आर. शिवेन्द्र, आर. सियाराम, आर. आशाराम, आर. विक्रम व सायबर शाखा प्रभारी भेरुसिंह देवड़ा, सउनि रामसिंह गौर, प्रआर. विजय सिंह भाटी, प्रआर. राजेशसिंह चौहान, प्रआर. सर्वेश सिंह सोलंकी, आर. बलराम भंवर, आर. अनिल सिंह बिसी, आर. राहुल जायसवाल, आर. प्रशांत सिंह चौहान, आर. शुभम शर्मा, आर. भानु प्रताप सिंह राजपूत, आर. अंकित रघुवंशी, आर. रोहित नरगावे, आर. तरुण सिंह बैस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीएम राइज स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ हुआ

**जिला ब्यूरो धार/मो. 9424075866**

धार - जिला मुख्यालय पर स्थित सीएम राइज स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को शिविर का विधिवत शुभारंभ जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त बृजकांत शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त श्री शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के शिविरो के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा निकलकर सामने आती है। इस दौरान सीएम राइज स्कूल की केजी की दो नन्ही छात्राओं अनामिका जोशी और आराध्या खराड़ी को उनकी प्रतिभा से प्रभावित हो नगद धनराशि देकर मंच पर ही पुरस्कृत किया। सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने शिविर के उद्देश्य और रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सीएम राइज स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किया जा रहा है । जिसमें किसी भी शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थी निःशुल्क रूप से भाग ले सकते हैं । यह शिविर 6 मई तक चलेंगे । शिविर में विद्यार्थियों को खेलकूद, पेंटिंग ,मेहंदी, ड्राइंग, मूर्तिकला,क्राफ्ट, सिलाई, नाटक , आत्मरक्षा आदि अनेकों विधाओं में सहभागिता करवाई जाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम दिवस योग , खेलकूद , खेल खेल में पढ़ना आदि विषयों से संबंधित गतिविधियां, करवाई गई । शिविर में अन्य स्कूलों के विद्यार्थी भी ले रहे भाग शिविर को लेकर विद्यार्थी एवं पालकों में इतना उत्साह है कि सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा सेंट्रल स्कूल, रॉयल एकेडमी, मॉडल स्कूल, सेंट जॉर्ज स्कूल के अनेकों विद्यार्थी शिविर में भाग लेने पहुंचे और सहभागिता की। ग्रीष्मकालीन शिविर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश कुरकुरे और राजेंद्र वर्मा भी विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रावल ने किया आभार प्रदर्शन हेमंत कोष्ठी ने किया।




## सॉफ्ट स्किल का एक माह का प्रशिक्षण सम्पन्न, बेंगलुरु के ट्रेनर ने दी ट्रेनिंग

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

मण्डलेश्वर (निप्र)शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग पर 30 दिवसीय की प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 22 मार्च से 27 अप्रैल तक महाविद्यालय में आयोजित किया गया प्रशिक्षण में एस जी बी एस उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु से पधारे प्रशिक्षक एवम चेंज मेकर शिवम शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल कंट्रोल ऑफ इमोशन्स एवम पर्सनल हाईगेनिक एवं जीवन जीने कला के बारे मे बताया गया। साथ ही बताया कि आज के आधुनिक समय में उक्त विषयों का ज्ञान बहुत जरूरी है।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निशुल्क होकर इसमें महाविद्यालय के बी ए बी एस सी बी कॉम फाइनल वर्ष एवं एम ए एम कॉम फाइनल के विद्यार्थियो को शामिल किया गया है ।प्राचार्य प्रो राजगुरु पाटीदार ने सभी विद्यार्थियो को प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए शुभकामनाए दी ओर प्रशिक्षण मे सम्मिलित होकर ऊंचे बड़े पद पर प्लेसमेंट के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रवीर पांडेय ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ मुकेश साठे डॉ रजनी सूर्यवंशी डॉ एम.एस. चौहान डॉ ओ एस परिहार डॉ एस.एस. ठाकुर डॉ संतोष बरडे दीपक यादव डॉ फौजिया अजीज डॉ विजय सिंह मंडलोई प्रो चेतना सिद्धड़ डॉ कपिल खरे डॉ जगदीश मुवेल डॉ राजेश खांडे डॉ आरती सुगंधी एवम बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



## मन मुताबिक नही बजा गाना, मारपीट में युवक की हुई मौत

**सिंगरौली -कप्तान सिंह केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ**

**सिंगरौली**

सिंगरौली - लंघाडोल थाना क्षेत्र के झलरी गांव में बारात में जयमालाके दौरान बाराती व घराती पक्ष में डांस में विपीन शाह के मंसा अनुसार गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें मारपीट में एक युवक की जान चली गयी।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के गड़हरा गांव से गुरूवार को झलरी गांव में बारात गयी थी। बारात में बज रहे डीजे पर गाना बदलने को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते जयमाला स्थल पर ही दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। मारपीट के दौरान विपीन कुमार शाह पिता भगवान दास शाह उम्र 23 वर्ष निवासी गड़हरा को किसी व्यक्ति ने सिर पर राड से हमला कर दिया। जिससे घायल विपीन कुमार शाह को जिला चिकित्साल ले जाया गया जहां से उसे सिंगरौली हास्पिटल फिर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी जाने के दौरान युवक की मौत हो गयी। लंघाडोल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

# फर्जी कागजात तैयार कर ग्राम झपरहवा की 30 एकड़ भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले आरोपियों में से एक आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा थाना बैढ़न के अप.क्र. 1159/23 धारा 420,467,468,471,120बी भादवि में फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया जिसके पालन में अपुअ सिंगरौली शिव कुमार वर्मा ,नपुअ विध्यंनगर पीएस परस्ते द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरी.सुधेश तिवारी को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के पालन में थाना प्रभारी कोतवाली एवं उनकी टीम को एक आरोपी की गिरफ्तारी करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

बताया जाता है कि फरियादी संजय जायसवाल पिता ललित कुमार जायसवाल निवासी खटाई थाना गढ़वा के द्वारा पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के कार्यालय में 29.03.23 को शिकायत आवेदन पत्र दिया कि ग्राम झपरहवा की आराजी क्र. 76/1 रकवा 13.67 हेक्टेयर वंशीलाल मल्लाह के नाम अभिलेख दर्ज थी जिसे अरूण विश्वकर्मा के द्वारा तत्कालीन हल्का पटवारी उदितनारायण शर्मा हल्का पटवारी झपरहवा खम्हरिया से साठगांठ करके भूमिस्वामी वंशीलाल मल्लाह का वारिश बताकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराकर राकेश मल्लाह नामक व्यक्ति के नाम पर उक्त भूमि को नामांतरण करवाकर मुझे 15 एकड़ भूमि तथा 15 एकड़ भूमि मेरी पत्नी राजकुमारी जायसवाल को 40 लाख रूपये में बिक्रय कर दिया है। आवेदन पत्र की जांच के दौरान पाया गया कि अरूण विश्वकर्मा निवासी झपरहवा चौकी बगदरा व सीताराम विश्वकर्मा पिता रामदीन विश्वकर्मा निवासी हरमा थाना गढ़वा, राकेश मल्लाह के द्वारा तत्कालीन हल्का पटवारी झपरहवा (खम्हरिया) उदित नारायण शर्मा से साठगांठ करके भूमिस्वामी वंशीलाल मल्लाह का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार कर आराजी क्र. 76/1 रकवा 13.67 हेक्टेयर को राकेश मल्लाह नामक व्यक्ति को भूमि स्वामी वंशीलाल मल्लाह का लड़का बताकर हल्का पटवारी उदितनारायण शर्मा के द्वारा फर्जी वारिसाना नामांतरण किया गया जो वारिसाना नामांतरण आदेश का हवाला नामांतरण के समय दिया गया था वह नामांतरण आदेश रामसिंह गोड़ के बटनवारे का पाया गया तथा जो आदेश कम्प्यूटर में अपलोड किया जाना था उस आदेश के स्थान पर हल्का पटवारी के द्वारा अपनी आईडी से कोरा कागज अपलोड किया जाकर फर्जी भूमिस्वामी राकेश मल्लाह के नाम नामांतरण किया जाना व दिनांक 01.06.2022 को 30 एकड़ भूमि को 40 लाख रूपए में संजय जायसवाल एवं उसकी पत्नी राजकुमारी जायसवाल के नाम रजिस्ट्री कराया जाना उप पंजीयक कार्यालय सिंगरौली में पाये जाने से थाना बैढ़न में अप.क्र. 1159/23 धारा 420,467,468,471,420 बी भादवि आरोपीगण उदित नारायण शर्मा तत्कालीन हल्का पटवारी झपरहवा खम्हरिया निवासी बड़ा गांव थाना अमिलिया जिला सीधी, अरूण विश्वकर्मा पिता मुन्ना विश्वकर्मा निवासी झपरहवा थाना गढ़वा, सीताराम पिता रामदीन विश्वकर्मा निवासी हरमा, राकेश मल्लाह, गुलाब प्रसाद जायसवाल पिता कैलाश प्रसाद जायसवाल निवासी बड़कुड़ थाना चितरंगी जिला सिंगरौली के विरूद्ध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया,दौरान विवेचना आरोपी सीताराम विश्वकर्मा पिता स्व. रामदीन विश्वकर्मा निवासी हरमा थाना गढ़वा जिला सिंगरौली (म.प्र.) को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही मे विशेष योगदान निरी.सुधेश तिवारी, प्र.आर सूर्यभान, प्रआर लक्ष्मीकांत साहू,प्रआर अवधलाल सोनी, आर. नारेन्द्र सिंह, आर.संजू धुर्वे, टुम्मन पन्द्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# उड़ान 24 के तहत हिंडालको महान में पैन हिंडालको बैडमिंटन लीग का हुआ जोशभरा आगाज

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- हिंडालको महान में खेल क्षेत्र की एक नई धारा की शुरुआत हो रही है,जब पैन हिंडालको बैडमिंटन लीग जोश के साथ आरम्भ हो रही है। इस लीग में हिंडालको के मेटल इंडस्ट्री के सभी जोन से 75 से अधिक बैडमिंटन खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं, और यहां 175 से अधिक मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंटो में सिंगल मेन्स, सिंगल विमेन,मिक्स डबल व डबल हर श्रेणी में मैच खेले जायेंगे, इस टूर्नामेंट का आयोजन की मेजवानी हिंडालको महान को मिलना उसकी बेहतरीन हॉस्पिटलटी एवं ब्यवस्था प्रबंधन की परिचायक है। इस तरह के खेलों के आयोजन से पैन हिण्डाल्को के कर्मचारियों को एक दूसरे से मेल जोल का भी मौका मिलता है ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस सेंथिल नाथ व विशिष्ट अथिति डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने दीप प्रज्वलन व फ़ीता काटकर किया गया मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख एस.सेन्थिलनाथ ने कहा कि, ÷हमारा मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को इस स्तर पर लीग मैचों में भाग लेने और महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। साथ ही,खिलाड़ियों को अपने प्रयासों के लिए अच्छी पहचान अर्जित करने का मौका मिलेगा, जिसका अनुभव उनके जीवन और कैरियर दोनों के लिए बेहतर होगा ।मानव संसाधन प्रमुख डाक्टर विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि हिंडालको अच्छे मेटल के उत्पादन के साथ-साथ बेहतरीन प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्लेटफार्म देने के लिये भी जाना जाता है,जो लोगो को बेहतर काम के साथ साथ खेल के लिए खुशनुमा अवसर देता है। वही कार्यक्रम में बेहतरीन खिलाड़ी के रूप में शामिल स्मेल्टर हेड एस.शशिकुमार ने कहा कि ये चार दिन हर खिलाड़ी के लिए चुनौतीपूर्ण है ,इन चार दिन में कई विजेता निकलेगे जिसके बेहतर खेल की गूंज पूरे आदित्य बिड़ला समूह तक जाने वाली है।वही बेहतरीन खेल आयोजन के लिये खेल समिति के अध्यक्ष पी.के.बोस को शुभकामनाएं दी गई। एक और रोमांचक सीज़न के लिए मंच तैयार करने के लिये समस्त खेल समिति सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।




## पेड़ से टकराई मोटरसाइकिल, दो की मौत

**सिंगरौली -कप्तान सिंह केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सिंगरौली**

सिंगरौली- सिंगरौली। सरई थाना क्षेत्र के धौहनी गांव स्थित झरिया जंगल में बेकाबू मोटरसाइकिल टकरा गई। जिसमें मोटरसाइकिल में सवार महिला समेत एक चालक की मौत हो गई। दोनो मृतक सीधी के जमोड़ी की निवासी है।बरका चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीधी जिले जमोड़ी थाना क्षेत्र से दो लोग धौहनी में शादी-विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वापस शुक्रवार के दोपहर के बाद घर जा रहे थे। कि कटरा झरिया जंगल में बेकाबू अनियंत्रित मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई। जिसमें सवार चालक मर्दन सिंह पिता धनराज सिंह उम्र 45 वर्ष एवं रामबाई सिंह पति श्रीपाल सिंह उम्र 40 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनो घायलों को पुलिस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए सरई सीएससी के मर्चुरी में रखाया गया है। जहां कल दिन शनिवार की सुबह दोनो शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।



# श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिया में 22 ब्राह्मण पुत्रों का हुआ सामूहिक व्रतबंध

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिया में मंदिर के व्यवस्थापक गुंजारी लाल तिवारी के द्वारा सामूहिक व्रतबंध का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश के भी लोग शामिल हुए श्री तिवारी द्वारा बताया गया कि 25 ब्राह्मण पुत्रों का व्रतबंध संपन्न कराया गया इस व्रतबंध में कई विद्वान पंडितों को बुलाया गया था व्रतबंध में आए हुए श्रद्धालुओं अतिथियों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जो की अद्भुत था श्री तिवारी ने बताया कि व्रतबंध संपन्न होने के बाद व्रतबंध में शामिल एक ब्राह्मण पुत्र ने आकर मुझे धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपने मुझ जैसे गरीब का व्रतबंध संपन्न कराया इसके लिए धन्यवाद श्री तिवारी ने उस बालक के धन्यवाद ग्यापित करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब प्रत्येक वर्ष ब्राह्मण पुत्रों का व्रतबंध सामुहिक तौर पर कराया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 11 गरीब कन्याओं का विवाह भी इसी श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिया से संपन्न कराया जाएगा श्री तिवारी के इस पुनीत कार्य से लोग भूरी भूरी प्रशंसा करते नजर आए इतना ही नहीं व्रतबंध में शामिल होने आए कुछ गायिकाओं ने कहा कि बांके बिहारी यानी श्री कृष्ण भगवान ने गुंजारी लाल तिवारी को पुनीत कार्य करने की जिम्मेवारी सौंपी है जिसे लेकर प्रत्येक वर्ष अलग-अलग प्रकार से गुंजारी लाल तिवारी के द्वारा पुनित कार्य किया जा रहा है माना जाता है कि साक्षात श्री कृष्ण भगवान बांके बिहारी की कृपा गुंजारी लाल तिवारी पर बनी हुई है इतने बड़े कार्यक्रम में प्रत्येक व्यक्ति पर ध्यान देना स्वागत करना नाश्ते से लेकर भोजन तक का ख्याल रखते हुए श्री तिवारी के चेहरे पर थोड़ा भी थकावट नजर नहीं आई बल्कि वे मुस्कुराते हुए लोगों के व्यवस्था में डटे दिखे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजसेवी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में डटे रहे।



राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान खबरें बेबाक, बेखौफ, बिन्दास

# बच्चे-बच्चियों का ध्यान रखो, गलत साथ, गलत आदतों से बचाओ- सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने किया आगाह

## *बच्चों इस बात की भी शिक्षा लो कि हमको कुछ करके दिखाना है*

कानपुर (उ.प्र.)महान समाज सुधारक, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि बुद्धिजीवी वो जो बुद्धि का इस्तेमाल करके जीते, जीवन यापन करते हैं। जिनको पढ़े-लिखे लोग कहते हैं। बुद्धि से ही कोई काम होता है। श्रमजीवी वो जो मेहनत करते हैं। परजीवी वो जो दूसरे पर निर्भर रहते हैं, जैसे अमरबेल। अमरबेल की कोई जड़ नहीं होती। पेड़ के ऊपर बेल फेंक दो तो उसी से वह जिंदा रहता है। आजकल परजीवी लड़के बहुत हो रहे हैं।

### *बच्चों बुरी आदतों से हो जाओ अलग*

करले निज काज जवानी में, इस दो दिन की जिंदगानी में। एक रोज जवानी जाएगी, लौट फिर न आएगी। यह फिर वापस आने वाली नहीं है। इसी में चाहे पढ़ाई-लिखाई कर लो, चाहे रोजी-रोजगार, नौकरी, चाहे खेती का काम करके तरक्की कर लो, चाहे देश सेवा, आत्मा की सेवा, मानव सेवा, नाम कमा लो, कुल खानदान का नाम ऊपर कर दो। लेकिन लड़के परजीवी बहुत हो रहे हैं, ठंडी रोटी खा रहे हैं। मेहनत करके गरम रोटी नहीं खा रहे हैं। बाप की कमाई खा रहे हैं। इधर-उधर से मिल जाए। ठगों के साथ पड़ जाते हैं, नशे में धुत हो रहे हैं। कौन सा नशा? ऐसा तेज नशा जिसमें आदमी होश में न रह जाए जैसे शराब अफीम कोकीन ड्रग्स गांजा भांग आदि तेज नशा होता है। तमाम नशे की गोलियां चल गई। नशे की चीजों के पाउडर बना दिए गए, कागज में लपेटा और दो फूक मारा, आंखें लाल। संभलों



बच्चों, गलत काम में मत फंसो। गलत साथ में मत पड़ो, बुरी आदत को छोड़ने का संकल्प बनाओ। बुरी आदतों से अलग हो जाओ।

### *आप लोग अपने-अपने बच्चों का ध्यान रखो*

बच्चे बिगड़ रहे हैं। सतसंगियों के बच्चे भी गलत साथ मिलने की वजह से बिगड़ रहे हैं। कारण? आप उनका ध्यान नहीं रखते हो। बच्चे और बच्चिया घर से निकलते हैं, कहां जाते हैं, आपको कोई खबर नहीं। गलत बच्चो, गलत बच्चियों के साथ पड़ गए, आदत उनकी खराब हो जाती है। जब बात नहीं मानते हैं, जबरदस्ती करते हैं, पैसा खींचते हैं और रोते-चिल्लाते हैं, जान दे देने की कोशिश करते हैं तब पता चलता है लड़का, लड़की हाथ से निकल गई, मनमाना कर रही है तब होश में आते हो। अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। जब उनकी आदत खराब हो गई या संकल्प बना लिया कि इस लड़के से ही या इसी लड़की से शादी करना है तो बात मानते हैं? रूप-रंग, पढ़ाई-लिखाई, धन-दौलत पर आ जाते हैं। नशे की आदत जो बन गई उसमें मजबूर हो जाते हैं। शादी के बाद का परिणाम क्या होता है? दो महीने भी नहीं बीतता है और तलाक, दहेज के मुकदमे में घर-घर को जेल जाना पड़ता है। ध्यान रखने की जरूरत है। बच्चो! परजीवी नहीं, स्वावलंबी बनो।

### *बच्चो! इस बात की भी शिक्षा लो कि हमको कुछ करके दिखाना है*

जब आपका खान-पान, चरित्र अच्छा रहेगा तब आप आगे बढ़ सकते हो। चरित्र पर बहुत कुछ निर्भर करता है। कहा गया है- Money is lost nothing is lost, health is lost something is lost, but character is lost, everything is lost. इसलिए ध्यान रखो, समझ गए होंगे बुद्धिजीवी लोग हो।

# व्यायाम शाला में शादी समारोह के आयोजन से बच्चो को कसरत करनेमे हो रही दिक्कत

## एसडीएम से शिकायत करने की तैयारी शोसल मीडिया पर पोस्ट वाइरल हो रही



रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट-नगर की महावीर व्यायाम शाला में प्रतिदिन बच्चें एव युवा व्यायाम करने के लिए जाते है परंतु इन दिनों उन व्यायाम करने वाले बच्चो के लिए परेशानियां उतपन्न हो रही है जिसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी को एक शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत करवाए जाने की बात सामने आ रही है वही सोशल मीडिया पर भी इसको लेकर पोस्ट वाइरल हो रही है इस बारे में अधिक जानकारी देते हुवे प्रकाश कुँवाडिया ने बताया कि हम एसडीएम मोहदय को एक ज्ञापन शनिवार को देंगे जिसमे महावीर व्यायाम शाला को समिति के द्वारा धर्मशाला बनाए जाने की कवायद की जा रही है व्यायाम शाला सार्जनिक हे ओर यहां प्रतिदिन बच्चे व्यायाम कुश्ती सिहित शारीरिक कसरत करते है लेकिन समिति के द्वारा इसे शादी समारोह सिहित अन्य कार्यो के लिए किराए पर दिए जाने लग गया है जिससे बच्चो को दिक्कत आ रही है। और इन आयोजन के बाद यहाँ भारी गंदगी हो जाती है जिससे आसपास रहवासियोको भी दिक्कत हो रही है। ऐसी शिकायत हम आज एसडीएम को करेंगे और इसपर तुरंत कार्यवाही की मांग की जायेगी। वही महावीर व्यायाम शाला के सचिव दिलीप शुक्ला ने बताया कि गरीब और जरूरत मन्दों को समारोह के लिए जगह दी जाती है लेकिन इससे किसी भी प्रकार से व्यायाम करने वालो को दिक्कत नही है क्योंकि वर्तमान में गर्मी के सीजन में व्यायाम शाला में कोई गतिविधि नही होती है इसलिए इसे बहुत मिनिमम चार्ज पर गरीबो के लिए दीया जाता हे ओर साफ सफाई का भी ध्यान रखा जाता है ।

## नौगांव पुलिस ने धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से गंभीर चोट पहुँचाने वाले अभियुक्त को 12 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर भेजा जेल

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

*आरोपी अपनी मां के साथ कर रहा था झगड़ा, बचाव के लिए पहुँचे पड़ोसी तो किया अवैध धारदार हथियार से हमला*




फरियादी अरविन्द राजपूत उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बिलहरी थाना नौगांव जिला छतरपुर की रिपोर्ट रात्री करीब 08:00 बजे अपने भतीजे धर्मेन्द्र राजपूत के साथ अपने घर के दरबाजे पर बैठा था। तभी पड़ोस में रहने बाला बृजेन्द्र उर्फ बिज्जू रजक हाथ में लोहे का बका लिये अपनी माँ के साथ विवाद कर रहा था। बृजेन्द्र को समझाने गया तो बृजेन्द्र मुझे माँ बहिन की गालियां देते हुवे मारपीट कर हाथ मे लिये बका से हमला किया,जो मेरे पेट मे लगा, खून बहने लगा मुझको बचाने भतीजा धर्मेन्द्र राजपूत आया तो बृजेन्द्र ने एक बका धर्मेन्द्र को मारा जो उसके दाहिने कंधे मे लगा, खून बहने लगा हमलोग चिल्लाये तो पास मे खडे पड़ोस के लोग हम लोगों को बचाने आये तो उन्हें आता देख बृजेन्द्र उर्फ बिज्जू वहां से भाग गया । रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 307,294,323,324 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाया गया।

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा टीम गठित कर आरोपी की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं एसडीओपी लवकुश नगर श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा* घटना स्थल पर भौतिक साक्ष्यों एवं डिजीटल साक्ष्यों के आधार पर उसके मिलने के संभावित स्थानों पर तलाश की गई दौरान तलाश पतारसी के दिनांक 27.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी बृजेन्द्र उर्फ बिज्जू पिता उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिलहरी को बस स्टेण्ड बिलहरी से 12 घण्टे के भीतर विधिवत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध धारदार हथियार बका जप्त किया गया हत्या के प्रयास के अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

## थाना नौगांव पुलिस ने 10 साल पुराने अवैध हथियार के प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर/मो.7509091263

पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन ने आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारी को फरार वांछित अपराधियों, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाश एवं जिला बदर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है*

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं एसडीओपी नौगांव श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना नौगांव पुलिस द्वारा वर्ष 2014 के आर्म्स एक्ट के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी आरोपी हरिशंकर विश्वकर्मा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम लुगासी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पेशी पर उपस्थित नही होने पर माननीय न्यायालय नौगांव द्वारा वर्ष 2017 में स्थाई वारंट जारी किया गया था । पुलिस द्वारा वारंटी की तलाश पतारसी हेतु मुखबिर लगाये गये। दिनांक 26.04.2024 को मतदान दिवस के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी मतदान कर करने के पश्चात अपने गांव से बाहर जा रहा है । मुखबिर की सूचना पर वारंट तामीली हेतु वारंटी की निगरानी कर वारंटी को मतदान करने के बाद गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर वारंट तामील किया गया है।




## जैन मंदिर पर चढ़ाई गई ध्वजा

जिला ब्यूरो धार /मो 9424075866

बदनावर -तहसील के ग्राम काछी बड़ौदा में आज मनोज जैन के द्वारा एक माह के उपवास एवं निरंतर प्रति वर्ष जैन मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया।



गांव के प्रमुख मार्गो से वरघोड़ा निकाला गया एवं माहेश्वरी समाज, राजपूत समाज, राठौड़ समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया वहीं चल समारोह में बड़ी संख्या महीला एवं पुरुष साथ चल रहे थे उसके उपरांत महलवाड़ा चौक पर मनोज जैन को बहुमान किया गया एवं भजन सम्राट मधुकर ग्रुप द्वारा भजन भी प्रस्तुति की गई एवं जैन का भव्य स्वागत किया गया कार्यक्रम में रतलाम, झाबुआ, बड़नगर, बदनावर, धमाना, रुणीजा, केसुर, इंदौर सहित आदि शहरों से सम्मानजनक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र बोकड़िया नागदा द्वारा किया गया

# छतरपुर जिले में शांतिपूर्ण निर्विघ्न मतदान हुए संपन्न

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा पूरे जिले में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए की जा रही थी मॉनिटरिंग*

*मतदान संपन्न होने के पश्चात मत पेटियों को सुरक्षित पहुंचाया गया स्ट्रांग रूम, पुलिस अधीक्षक द्वारा बाधा रहित निर्वाचन संपन्न करवाने हेतु ड्यूटी में लगे समस्त बल को दी गयी शुभकामनाएं*

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारी को जिले में लोकसभा निर्वाचन सकुशल एवं निर्विघ्न संपन्न करवाने एवं शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए समस्त मतदान केंद्र एवं क्षेत्र में निरंतर भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया था*

साथ ही सभी मोबाइल सेक्टर अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट से समन्वय बनाते हुए अपने अपने सेक्टर के मतदान केंद्रों एवं क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु निरंतर भ्रमण हेतु निर्देश दिए थे।

जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत समस्त मतदान केंद्र



एवं क्रिटिकल मतदान केंद्र, क्षेत्र के वल्नरेबल एरिया में पुलिस बल केंद्रीय सुरक्षा बल तथा संबंधित विभागीय बल के साथ फ्लैग मार्च जारी रहा। शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही। निर्वाचन ड्यूटी में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों का सक्रिय संचार माध्यम से संपर्क बरकरार रहा। निर्वाचन ड्यूटी में लगे केंद्रीय सशस्त्र बल के साथ एरिया डोमिनेशन करते हुए आम जनमानस को निडरता एवं स्वतंत्रता के साथ मतदान करवाया गया।

साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से जिले के चिन्हित क्रिटिकल मतदान केंद्रों सहित समस्त मतदान केंद्रों में निरंतर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण भी किया जा रहा था।

मोबाइल सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने-अपने सेक्टर के मतदान केंद्र एवं सेक्टर के क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था बरकरार रखी। बिना किसी बाधा के मतदान संपन्न होने के पश्चात जिले के सभी मतदान केंद्रों के मतदान दलों को मतपेटियों के साथ पायलटिंग करते हुए सुरक्षित स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया। साथ ही संपूर्ण जिले की यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सक्रिय रही।

क्षेत्र में निर्वाचन के दौरान दुष्प्रभावित करने वालों, अपराध करने के आशय से घूम रहे अपराधिक प्रवृत्ति के लोग- अवैध हथियार अवैध मादक पदार्थ एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गयी।

मतपेटी जमा कर संपूर्ण मतदान ड्यूटी संपन्न होने के पश्चात ।

# खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटे बेटियों के विवाह पर जोर दिया

## कुशवाह समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 28 जोड़े एक दूजे के बंधन मै बंधे



देनिक केसरीया हिंदुस्तान ब्यूरो/ देवीलाल कुशवाह राजगढ़


संडावता नगर में सूर्यवशी क्षत्रिय कुशवाह समाज का चौथा सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को संडावता पूवारखेडी रोड़ के पास आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 28 जोड़े एक दूजे के हो गए। मंच पर कुशवाह समाज के इष्ट भगवान भगवान श्री राम एवं ठाकुर की कथा पूजन अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक एकता एवं खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बेटे बेटियों के विवाह करने पर जोर दिया गया। वहीं अन्य सामाजिक कुरीतियां को छोड़ने पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। सम्मेलन में विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ वर वधुओं के पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजन में अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के प्रदेश कार्य कारी अध्यका डुंगर सिंह कुशवाह जी, जिला अध्यका अमृत लाल कुशवाह, युवा जिला अध्यक्ष एवं जीरापुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रति निधि पवन कुशवाह जीरापुर प्रदेश सरकार के राज्य मन्त्री गौतम टेंटवाल भाजपा जिला मन्त्री केलाश नागर, सांसद पुत्र महेश नागर, दीदी नीलाम सक्सेना, भाजपा जिला मन्त्री जगदीश नागर भाजपा मण्डल अध्यक्ष घनश्याम नागर, राजस्थान राज्य वरिष्ठ समाज सेवी कुशाल नेता जी जीरापुर, वरिष्ठ समाज सेवी राष्ट्रीय कार्य कारणी सदस्य राधेश्याम शिक्षक , छापीहैडा आदि द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया। सम्मेलन में अन्य समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा भी तन मन से सहयोग किया गया। समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया

## बाड़ी ,मेरी राजनीति की पाठशाला - शिवराज सिंह चौहान

बाड़ी, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाड़ी नगर में रोड शो एवं जनसभा की। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता द्वारा शिवराज सिंह चौहान का भव्य स्वागत किया गया। नगर के लोगो ने जगह जगह फूल बरसाकर अपने लाड़ले मामा का स्वागत किया। विदिशा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने एक विशाल आमसभा को संबोधित किया। शिवराज सिंह चौहान ने मोदी सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया। अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल की जनहितैषी योजनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि इन सब योजनाओं का लाभ लाड़ली बहिनों,बेटियों, भैय्या को मिलता रहेगा।बाड़ी की पुरानी यादे ताजा करते हुए कहा कि जन्म तो मेरा जैत मे हुआ है, पर बाड़ी ही मेरी राजनीति की पाठशाला है। उन्होने यह भी कहा कि बाड़ी मे बहुत से धरना प्रदर्शन किये ।कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है।उन्होने कहा कि इस बार मुझे पार्टी ने दिल्ली आने का निर्देश दिया है पार्टी जो भी काम देगी पूरी ईमानदारी से करूंगा। मुझे जनता की सेवा करनी है,आपके आशीर्वाद से मुझे सांसद बनायेगे तो मैं पूरी निष्ठा से आपकी सेवा में समर्पित रहूंगा। शिवराज सिंह चौहान ने जनता से भारी मतों से जिताने की अपील कर हाथ उठवाकर समर्थन मांगा। विदिशा लोकसभा सीट से शिवराज सिंह चौहान की जीत लाखों वोटों से सुनिश्चित मानी जा रही है।



# लोकतंत्र को मिल रहा है बुजुर्गों का आशीर्वाद






## होम वोटिंग के पहले दिन 721 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने उमंग और उत्साह के साथ किया मतदान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला

सीहोर ब्यूरो राजू चौरसिया

सीहोर,26 अप्रैल,2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भोपाल एवं विदिशा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए में 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार होम वोटिंग के पहले दिन 721 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने उमंग और उत्साह के साथ मतदान किया।

### विधानसभावार मतदान की स्थिति

होम वोटिंग के पहले दिन विदिशा संसदीय क्षेत्र के बुधनी विधानसभा के अन्तर्गत कुल 279 मतदाताओं ने अपने मताधिकारी का प्रयोग किया जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 184 मतदाता तथा 95 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार इछावर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 191 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 174 तथा 17 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भोपाल संसदीय क्षे के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा के अन्तर्गत आज हुई होम वोटिंग में 251 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 172 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयं के तथा 79 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकारी का उपयोग कर मतदान किया।



## प्रमिला साधौ लोकसभा संयोजक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

मण्डलेश्वर (निप्र) भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमति प्रमिला साधौ को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा धार लोकसभा का संयोजक नियुक्त किया गया हैं । प्रमिला साधौ ने बताया कि पार्टी ने मुझे ऐसी अनुसूचित जाति की महिलाओं का सम्मेलन आयोजित करने का दायित्व दिया हैं जिन्होंने मोदी सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लिया है । मेरे द्वारा धार लोकसभा क्षेत्र के में महिलाओं से सघन जनसम्पर्क किया जाकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया जा रहा रहा है।महिलाओं में मोदी जी की सरकार कीअच्छी छवि हैं जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा और अबकी बार 400 पार का नारा सफल होगा ।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शा.बालक विधालय धनपुरी ने दिए घटिया परीक्षा परिणाम

## शिक्षकों के वेतन पर करोड़ों रुपए हो रहे खर्च लेकिन नतीजा भाग न पहुंचे लब्धे शून्य वाला

शहडोल/धनपुरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा बुधवार की शाम चार बजे कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए थे। शासकीय हाई स्कूल अमलाई नंबर 03 का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्र अखंड रजक ने एग्रीकल्चर समूह से कक्षा 12 की परीक्षा में जिले की मेरिट लिस्ट में पहला स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। शहर में दो प्रकार के विद्यालय संचालित हो रहे हैं। विद्यालय का रिजल्ट सार्वजनिक करने वाले और विद्यालय का रिजल्ट छुपाने वाले। सरकार जरूरतमंद एवं ग़रीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए शिक्षित योग्य शिक्षकों की भर्ती करती है। सभी शिक्षक बी.एड जैसी महत्वपूर्ण पात्रता रखते हैं। सरकार इन्हें जरूरतमंद, गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाने के लिए महीने में लाखों रुपया वेतन भी देती है। इन विद्यालयों में ऐसे घर के अधिकांश बच्चे पढ़ते हैं जिनके घरों में दो वक्त की रोटी भी नसीब हो जाए तो ऊपर वाले का शुक्र है लेकिन बीते कई वर्षों से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी में पढ़ाई का ऐसा माहौल बना दिया गया है कि इस विद्यालय में अभिभावक अपने बच्चों को नहीं पढ़ाना चाहते। शासन शिक्षकों के वेतन पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है लेकिन इस विद्यालय में छात्रों की संख्या यह बता रही है कि आसपास रहने वाले लोग अपने बच्चों को यहां पढ़ाने में खास रुचि नहीं रखते हैं।

### कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम

शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी में इस वर्ष कक्षा 10 की परीक्षा में 26 छात्र सम्मिलित हुए थे। 16 छात्र कक्षा 10 की परीक्षा पास करने में सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी से छह छात्र एवं द्वितीय श्रेणी से 10 छात्रों ने कक्षा 10 की परीक्षा पास की है। पांच विद्यार्थी कक्षा 10 की परीक्षा में पूरक आए हुए हैं। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी के कक्षा 10 के पांच विद्यार्थी परीक्षा में फेल हो गए हैं। इस प्रकार से विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 61.53 प्रतिशत रहा। धनपुरी शहर में घनी आबादी निवास करती है और इस विद्यालय में मात्र 26 बच्चे पढ़ रहे हैं यह बात प्रमाणित करती है कि धनपुरी शहर के अधिकांश अभिभावक विद्यालय की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं है। इतनी कम संख्या में विद्यालय में छात्र क्यों हैं यह एक चिंता का विषय है जिस पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को चिंतन करना चाहिए।

### कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी में कक्षा 12 की परीक्षा में कुल 44 छात्र सम्मिलित हुए थे। इन 44 छात्रों में से सिर्फ 14 छात्र कक्षा 12 की परीक्षा में पास हो पाए हैं। प्रथम श्रेणी में विद्यालय का सिर्फ एक छात्र उत्तीर्ण हुआ है। 12 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए हैं जबकि एक छात्र तृतीय श्रेणी में भी पास होने में सफल हुआ है। कक्षा 12 के 5 विद्यार्थी पूरक आए हैं। कक्षा 12 के 25 विद्यार्थी इस वर्ष की परीक्षा में फेल हो गए हैं।

### विषयवार कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी के विषय वार परीक्षा परिणाम इस प्रकार हैं कक्षा 12 विज्ञान संकाय से 31 छात्र परीक्षा में शामिल



हुए थे। 11 छात्र परीक्षा पास होने में सफल रहे हैं। प्रथम श्रेणी से कक्षा 12 की परीक्षा पास करने में सिर्फ एक विद्यार्थी सफल रहा है। द्वितीय श्रेणी से नौ छात्र पास हुए हैं जबकि एक छात्र थर्ड डिवीजन भी पास हुआ है। विज्ञान संकाय के दो छात्र पूरक आए हुए हैं। जबकि 31 में से विज्ञान संकाय के 18 छात्र फेल हो गए हैं। कक्षा 12 कला संकाय से 13 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। 13 छात्रों में सिर्फ तीन छात्र पास हुए हैं। कला संकाय से कोई भी छात्र प्रथम श्रेणी में पास नहीं हो पाया है। द्वितीय श्रेणी से तीन छात्र पास हुए हैं। तीन छात्र पूरक आए हैं और सात छात्र परीक्षा में फेल हो गए हैं। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी का विज्ञान संकाय से कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम मात्र 35.48 प्रतिशत रहा। कला संकाय का परीक्षा परिणाम सबसे ज्यादा घटिया रहा। कला संकाय का परीक्षा परिणाम मात्र 23.07 प्रतिशत रहा। ओवरऑल विद्यालय का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 31.81 प्रतिशत रहा। विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 61.53 प्रतिशत रहा।

### जरूरतमंद गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ने जाएं तो जाएं कहां

अंग्रेजी मीडियम की ऊंची-ऊंची इमारतों वाली स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाने का सपना हर कोई देख तो सकता है लेकिन अंग्रेजी मिशनरी स्कूलों की आसमान छूती फीस हर कोई नहीं दे सकता। आज ऐसी परिस्थितियां निर्मित हो चुकी है की शासकीय विद्यालयों में सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे पढ़ने के लिए आ रहे हैं। लाखों रुपया वेतन पाने वाले शिक्षक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ाते हैं। बड़े-बड़े शहरों में कोचिंग के लिए भेजते हैं और सरकारी स्कूल के बच्चों को लाखों रुपया वेतन लेकर इस प्रकार से पढ़ाते हैं कि जैसे इन बच्चों पर वह एहसान कर रहे हो। गरीब जरूरतमंद परिवार महंगे स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ा नहीं सकता और सरकारी विद्यालय के शिक्षक लाखों रुपया वेतन लेकर दिल लगाकर इन गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ा नहीं सकते। घटिया परीक्षा परिणाम इन बातों को प्रमाणित करते हैं अब इस हाल में गरीब जरूरतमंद परिवार के बच्चे आखिर पढ़ने के लिए जाए तो जाएं कहां। शिक्षा विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को कुछ प्रयास तो जरूर करने चाहिए क्योंकि ऐसे बैठे रहने से इन गरीब परिवार के बच्चों को तो अच्छी शिक्षा मिल चुकी। अभी कुछ दिनों पहले सहायक आयुक्त इस विद्यालय का औचक निरीक्षण करने के लिए आए हुए थे। विद्यालय में आठ शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे लेकिन रजिस्टर में उनकी अनुपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। इतनी बड़ी गलती पाए जाने पर भी इतने बड़े अधिकारी ने सिर्फ चेतावनी देकर अपना पल्ला झाड़ लिया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सबके सामने है साल भर यही सिलसिला चला है कभी कोई शिक्षक नहीं आ रहा, कभी कोई शिक्षिका नहीं आ रही लेकिन हाजिरी सबकी लग रही है। वेतन सबको भरपूर मिल रहा है। जांच करवा ली जाए कितनी छुट्टियां ली गई सब कुछ सामने आ जाएगा और परीक्षा परिणाम भी सबके सामने है। जब शिक्षक पढ़ाएंगे नहीं तो छात्र पढ़ेंगे कैसे और जब पढ़ेंगे नहीं तो पास कैसे होंगे। धनपुरी नगर की जनता जिले के संवेदनशील अधिकारियों की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है कि शायद अब इन विद्यालयों के शिक्षा स्तर को सुधारने के लिए अधिकारी जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाएंगे। बाथरूम की गंदगी साफ करना सराहनीय रहा लेकिन वर्तमान समय में विद्यालय की स्टाफ रूम की गंदगी भी साफ करना अनिवार्य एवं आवश्यक हो गया है। अन्यथा शिक्षण सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणाम भी कुछ इसी तरह आएंगे। अभी शिक्षण सत्र शुरू नहीं हुआ है इसलिए प्रयास शुरुआत से ही शुरू होने चाहिए।

**कानाफूसी...**

## भैया भाभी के राज, मामा भांजे का निजी विकास




अब बोलेगा तो बोलोगे कि बोलता है में हर्ज भी नहीं खैर बिल्ली के भाग से छींका हुआ भैया-भाभी का निजी विकास पर भैया भरोसे वे निजी विकास की गाथा लिखने को चुके.. खैर दोनों जनप्रतिनिधि पतियों की निजी विकास पर जिले के दूसरे अंतिम छोर विकास की बह रही निजी गंगा में अपने भांजे यह मालूम ही नहीं था कि जिस गंगा मे वो लेकिन थोड़ा बोलने और पोल खोलने टूटा भाभी को कुर्सी मिली और शुरू भाभी ये भूल गये कि जिस भैया के उतारू है वे स्वयं पर मुकदमा दर्ज कर जोड़ी खूब चर्चे मे है और चर्चे और के साहब की नजर पड़ी तो वह भी समेत डुबकी लगाने पहुंच गए मानो उन्हें डूबकी लगा रहें वो पाप धुलने लोकायुक्त और पीलीकोठी तक भी भेजती है..!! वैसे भी तीन-तेरह पर मुकदमे के आदेश हो ही चुके थे साहब अपना और अपने भांजे का बिलो 20-20 का खेल बचाए।

## विद्यालयों हेतु प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

शहडोल। जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में उत्कृष्ट मॉडल एवं संस्कृत विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को प्रातः 10:15 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित की गई है। प्रवेश परीक्षा हेतु जिले में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल, उत्कृष्ट विद्यालय ब्यौहारी, मॉडल स्कूल भाटिया (बुढार), उत्कृष्ट विद्यालय गोहपारू, उत्कृष्ट विद्यालय जयसिंह नगर, मॉडल स्कूल चापा सोहागपुर, उत्कृष्ट विद्यालय शहडोल शामिल हैं।

# शहडोल संभाग में आयोजित होंगे ग्रीष्मकालीन खेलकूद, सांस्कृतिक व चित्रकला कार्यक्रम

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शहडोल जिले के अनूपपुर, उमरिया एवं शहडोल कलेक्टरों को पत्र जारी कहा है कि शहडोल संभाग में योगा, पीटी, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, बॉलीबॉल, हैण्डबॉल, टी.टी., बास्केटबॉल, बैडमिन्टन, एथलेटिक्स, कराते, सपक टकरा, लाठी, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, वूशू क्लाइंविंगवॉल और स्थानीय खेल, सांस्कृतिक एवं चित्रकला कार्यक्रम सुबह 5:30 बजे से 8:00 एवं शाम के 4:30 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित करना सुनिश्चित करें। जारी पत्र में कहा गया है कि उक्त समस्त खेलों का आयोजन विकासखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ सभी जिलों के उन सभी स्थानों पर प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया जाये, जहाँ-जहाँ विधावार खेल के मैदान उपलब्ध हों। उक्त परीक्षण कैम्प जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल युवा कल्याण विभाग, कोलमाइन्स एवं रेल्वे में कार्यरत खिलाड़ियों, राष्ट्रीय, सीनियर खिलाड़ी के विधाओं के जानकार प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जायें। खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ खेलों के नियमों की भी जानकारी नोट कराकर दिया जाये। योगा और पीटी प्रतिदिन अनिवार्य रूप से कराया जायेगा, स्थानीय खेलों के आयोजन के अंतर्गत रस्सी कूद, पिट्ठू, तीनटांग की दौड़, मेढक दौड़, कुर्सी दौड़, गणित दौड़, स्ट्रेचर दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, आदि मनोरंजक खेल का आयोजन भी किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होंगे, जिलों में जिला मुख्यालय एवं खण्ड मुख्यालय में जहां-जहां व्यायाम शिक्षक पदस्थ हैं, उन स्थानों पर भी अनिवार्य रूप से विधावार उपलब्ध खेल मैदानों के अनुसार खेल शिविर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें, शिविर में सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियों के लिये साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ियों के लिये नास्ता व्यवस्था जैसे बिस्किट, चना, छांछ, पना, ग्लूकोज, ओआरएस, पोहा, केला और सेव, संतरा आदि की व्यवस्था खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 06 दिवसों में अलग-अलग उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, शिविर के देख-रेख की सम्पूर्ण जवाबदारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग को सौंपी जाती है। जो जनजातीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर शिविर को सुचारू रूप से संचालित कर सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे, शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ नए खिलाड़ी खासकर ग्रामीणजन, जो खेल विधाओं से परिचित नहीं है। ऐसे खिलाड़ी बच्चों को उनकी प्रतिभा, खेल कौशल को देखते हुए उन्हें इस खेल से जोड़ा जाए जिसमें वह आगे एक अच्छा खिलाड़ी बन सके, विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत किया जाए कि कौन-कौन से खेल में कौन-कौन कोच होंगे, कहां-कहां पर शिविर का आयोजन किया जाना है। प्रत्येक खेल में खिलाड़ियों की अनुमानित संख्या इत्यादि। सब की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

# बीटीआर में होगी ग्रीष्मकालन गिद्ध गणना, 9 परिक्षेत्र के 139 बीट में 500 अधिकारी-कर्मचारी करेंगे गिनती




**शहडोल/उमरिया।** उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ग्रीष्म कालीन गिद्ध गणना की तैयारियों में लग हुआ है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 अप्रैल से तीन दिवसीय गणना होगी। गिद्ध गणना में टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में जाकर प्रपत्र को भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय भेजेंगे। तीन दिवसीय गिद्ध गणना के लिए कर्मचारियों को जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया है। टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में गणना होगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्र के 139 बीट में 500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी गिद्धों की गणना करेंगे। अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र में पैदल घूमकर गिद्ध गणना करेंगे। इस दौरान प्रपत्र में परिक्षेत्र, स्थान, संख्या और अन्य जानकारी भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय में जमा करेंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चार परिक्षेत्र ताला, पतौर, खितौली और पनपथा कोर एरिया में गिद्ध दिखाई देते है।

# संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की यूनिट 5 बंद, सुधारने की कोशिश में जुटे अधिकारी

शहडोल/उमरिया। उमरिया के बिरसिंहपुर पाली के मंगठार में स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की यूनिट नंबर पांच बंद होने से ताप विद्युत केंद्र फिर एक बार सुर्खियों में आ गया है। जानकारी के बाद अधिकारी कर्मचारी यूनिट में उत्पादन शुरू करने की मशक्कत में जुटे हुए हैं। शनिवार को सुबह लगभग 8:30 बजे 5 नंबर काई 500 मेगावाट की इकाई में उत्पादन ठप्प हो गया। उत्पादन ठप होने की जानकारी लगते ही अधिकारी कर्मचारी में हलचल मच गई। अधिकारी कर्मचारी यूनिट में उत्पादन शुरू करने की मशक्कत में जुट गए। यूनिट में उत्पादन बॉयरल ट्यूब लीकेज के कारण ठप्प होना बताया जा रहा है। संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के अधिकारी शशिकांत मालवीय ने बताया कि यूनिट में उत्पादन शुरू होने में 72 से 90 घंटे लग सकते हैं। ठंडा होने के बाद ही सुधार किया जाएगा। टीम यूनिट की निगरानी कर रही है।



स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# आपकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ूंगा- राकेश राठौर

बिसवां सीतापुर ।लोकसभा तीस सीतापुर के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राकेश राठौर को भारी बहुमत से जिताने के लिए सेवता विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सम्मेलन का आयोजन रेउसा के गोल्डेन लॉन् मे किया गया।सम्मेलन मे कार्यकर्ताओ का हुजूम उमड़ा।कार्यकर्ताओ के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी राकेश राठौर ने कहा मै जिस सरकार मे रहा हूं वहां बोलने की आजादी नही है मैने पूरे पांच साल सत्ता के कील ठोकने का काम किया है आपकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लाड़ूँगा सीतापुर के भर्स्ट सिस्टम को उखाड़ना है। भाजपा के लोग आएगा की भाजपा को वोट दो नही तो मुस्लिम राज आएगा आप उनसे कहना राठौर हिन्दू है । गठबंधन को वोट कर अपनी सहभागिता निभाएं चार जून के बाद आपके मुद्दे सदन मे प्रमुखता से उठाएंगे यही नही जमीन पर उन मुद्दों को हल करने का काम किया जायेगा।सरकार बनी तो एक लाख रुपया परिवार की महिला को एक वर्ष दिया जायेगा।किसानो का कर्जा माफ करने का काम किया जायेगा। महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सरकार मे कैबिनेट मंत्री रहे नरेन्द्र वर्मा ने कहा भाजपा के सांसद राजेश वर्मा चार बार के सांसद से इस बार वोट मांगने आये तो पूछना की कितने स्कूल खोले कितने डिग्री कालेज खोले अपनी निधि से कौन काम किये। उन्होंने अपनी निधि से अपने कालेज बनवाने का काम किया।किसानों पर लाठी चलवाने का काम किया है



वही पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू ने कहा घर बचाओ तो खेत बर्बाद खेत बचाओ तो घर बर्बाद। कोरोना काल मे लाठिया खाई अस्पताल मे अक्सीजन नही मिली परिवार के परिवार बर्बाद हो गया तमाम लोग दवा के आभाव मे मौत हो गई ये कहते हुए वो भावुक हो गये। वही डाक्टर ब्रज विहारी ने कहा दलितों को बुद्ध कथाओं की अनुमत नही मिल पा रही है। मजदूर और किसानो के अधिकारो पर भाजपा की सरकार दमन बढ़ा है।इस बार मजदूर किसान इस सरकार को कूड़ेदान मे फेकने का काम करेगा और राकेश राठौर को जिताने का काम करेगा। वही लहर पुर विधायक अनिल वर्मा ने कहा अस्पतालों मे दवाएं नही है किसानों की आय दोगुनी नही हुई किसान अपनी फसल बचाने के लिए दिन रात खेत मे बीता रहा भाजपा झूठ का पुलिंदा है।

पूजा शुक्ला ने कहा मोदी सरकार मे बहन बेटियो की इज्जत आबरू सुरक्षित नही है बलात्कार की रिपोर्ट थानो मे नही लिखी जा रही है।इसलिए आपके पास अवसर है भाजपा को हटाने का काम इस बार आप करेंगे।

पूर्व विधायक लखनऊ इंदल रावत ने नरेगा मे चार सौ रुपया देने का काम किया जायेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व कैविनेट मंत्री रामहेतु भारतीय,सपा जिला अध्यक्ष छात्रपाल यादव,कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कृष अवस्थी, देवी शंकर बाजपेई ,ममता वर्मा,रमेश बघेल,गीता गोस्वामी,रजनीश मिश्रा,अमर मेहरोत्रा,अरुण मौर्य,श्रवण कुमार सुमन,अनिल शुक्ला अनुपमा द्विवेदी,श्री राम लोधी,चंद्रकुमार तोमर,वहिदुल हसन खान,लाल सिंह यादव ,प्रेम कुमार मौर्य,अफजाल कौसर,अतीक खान,रामगोपाल मिश्रा,सुनीला रावत आदि ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर सेवता विधान सभा के सपा अध्यक्ष सीताराम यादव,रमेश् निशाद,पिंकी,राजकुमार चौरसिया,सुनील जायसवाल,मूर्तजा अंसारी,अह्लन खान,जिला पंचायत सदस्य सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण कराया गया ध्वस्त



*महमूदाबाद/सीतापुर*

सीएम योगी अफसरों की हर बैठक में भूमाफियाओं के खिलाफ न सिर्फ नकेल कसने की नसीहत देते हैं, बल्कि उनके खिलाफ कड़े क़दम उठाए जाएं ऐसे निर्देश भी देते हैं। योगी के इन आदेशों का धरातल पर अधिकारी कितना पालन करते हैं। इसकी नज़ीर शनिवार को महमूदाबाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र दुबे के %एक्टिव मोड% में आकर तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने के दौरान देखने को मिली। दरअसल हाल ही में नगर के वार्ड सरावगी टोला स्थित सरकारी महिला अस्पताल के पीछे तालाब की भूमि पर ठेकेदार शिवम सिंह के द्वारा कथित तौर पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। निर्माण इतनी तेजी से किया जा रहा था, कि समय रहते अगर शिकायतों का दौर जारी न होता तो निर्माण पूरा हो जाता। एक समाजसेवी की शिकायत पर एसडीएम शिखा शुक्ला ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिए थे। उस वक्त ईओ का कहना था कि ढहाया जाएगा। गौरतलब है कि शिनिवार दोपहर ईओ शैलेंद्र दुबे ने तालाब की भूमि पर अवैध नवनिर्मित भवन को ढहाये जाने की बात को अमली जामा पहनाते हुए पालीकार्मियों को आदेशित किया। जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन दो बुलडोजरों के साथ मौके पर पहुंचा और नवनिर्मित भवन को जमींदोज किया। ईओ शैलेंद्र ने बताया कि तालाब की भूमि पर बने नवनिर्मित भवन को जमींदोज करने की कार्रवाई की गई है। नगर पालिका प्रशासन अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की मुहिम को जारी रखेगा।




## 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 02 अवैध शस्त्र बरामद

सीतापुर ।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है । उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली नगर व रामकोट पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को 02 अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना रामकोट द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त मु.अ.सं. 94/24 में वांछित अपराधी हैं। विवरण निम्नवत् है- 1.थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार- थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 94//2024 धारा 323,504,506,354,307,34 आईपीसी व 3(1)(डब्लू)(द्व) व 3(2)1 एस.सी./एस.टी. एक्ट में वांछित अभियुक्त 1.धर्मेन्द्र निषाद पुत्र स्व0 मनोहर लाल नि0 87/1347 काशीराम कालोनी थाना रामकोट जनपद सीतापुर को काशीराम कालोनी से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस के साथ तथा अभियुक्त आकाश कश्यप पुत्र स्व0 रामखिलावन नि0 83/1312 काशीराम कालोनी थाना रामकोट जनपद सीतापुर को ग्राम किशनकोट से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। 2.थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार- थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राहुल उर्फ लुटिया पुत्र मलखे नि0मौ0 विजय लक्ष्मीनगर थाना को0 नगर जनपद सीतापुर को 01 अदद तंमचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 164/24 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## पुलिस प्रेक्षक ने लोकसभा क्षेत्र का लिया जायजा, दिए दिशा निर्देश

*महमूदाबाद/सीतापुर। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन आयोग से भेजी गई पुलिस प्रेक्षक आईपीएस नीरजा शनिवार शाम महमूदाबाद पहुंचीं। यहां उन्होंने सीओ दिनेश शुक्ला के साथ कोतवाली क्षेत्र की सीमा क्षेत्रों के तीनों अंतर्जनपदीय बैरियरों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात एडीजी रैंक पर तैनात नीरजा ने सघन चेकिंग अभियान का भी जायजा लिया और मातहतों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी स्क्वायड का भी निरीक्षण



किया। साथ ही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का निर्भीक होकर मतदान करें। निरीक्षण के उपरांत प्रेक्षक कोतवाली पहुंची जहां उन्होंने सीओ, कोतवाल और समस्त स्टाफ के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीओ दिनेश शुक्ला, कोतवाल अनिल सिंह और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## निजी स्वामित्व के वृक्षों की पातन अनुज्ञा लेने वाले समस्त आवेदकों को सूचित किया है।

सीतापुर । प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने सीतापुर जनपद में उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 के अंतर्गत दिनांक 01-04-2011 से 31-3-2014 तक निजी स्वामित्व के वृक्षों की पातन अनुज्ञा लेने वाले समस्त आवेदकों को सूचित किया है कि उनके द्वारा पूर्व में जमानत के रूप में जमा किये गये राष्ट्रीय बचत पत्र/जमानत पासबुक में जमा धनराशि, जो प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के नाम निरूपित है, उक्त अधिनियम की शर्तों के अनुरूप इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर आवेदन पत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय वन अधिकारी/प्रभागीय कार्यालय में प्रस्तुत कर दें अन्यथा की स्थिति में उक्त धनराशि जब्त कर विभाग के पक्ष में समायोजित कर ली जायेगी।

# सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था द्वारा विद्यालयों समेत ट्यूशन क्लास सेंटरों पर बच्चों को प्रदान की गई कापियां

महमूदाबाद , सीतापुर।

जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत भेथरा माधव में स्थित श्री गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा शनिवार को ब्लॉक प्रमुख पहला प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार यादव , संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार , संरक्षक मनोज पासवान , संदीप कुमार , काली प्रसाद व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश पाठक , सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार , नितीश कुमार , संदीप वर्मा समेत कई अन्य के द्वारा उक्त विद्यालय में लगभग 30 छात्र छात्राओं को निन्शुल्क कापियां वितरित की गई। और वहीं ग्राम पंचायत बेहमा में प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय में लगभग 70 छात्र छात्राओं को क्षेत्रीय समाजसेवी राजेश सिंह , रितेश सोनी , बबलू गुप्ता , पंकज सोनी , विकास उर्फ विक्कू सिंह , छोटू व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका स्नेह लता भार्गव , सहायक अध्यापिका नीलम सिंह ,




दिव्या शर्मा , सहायक अध्यापक नदीम अहमद , अनुज यादव एवं अनुदेशक अरविन्द कुमार, मधुबाला , अर्चना सिंह , सरोजनी सिंह समेत सहयोग छात्र शिक्षा समिति टीम द्वारा उक्त विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं को निन्शुल्क कापियां वितरित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। एवं ग्राम पंचायत दुघरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी वहां पर उपस्थित सभी लगभग 50 छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा कापियां वितरित की गई। इस दौरान वहां पर प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह समेत ग्रामीण भी मौजूद रहें। और वहीं संस्था के प्रबंधक/ सचिव धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि मैं एक संस्था चला रहा हूं , संस्था का नाम सहयोग छात्र शिक्षा समिति है।इस संस्था के माध्यम से अनाथ , असहाय व कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को अपनी संस्था के माध्यम से उन्हें निन्शुल्क शिक्षा दिलाने का कार्य कर रहा हूं। और लगभग पहला क्षेत्र के 15 गांवों में ट्यूशन क्लास के माध्यम से भी दो घण्टे गांव के छात्र छात्राओं को नि~शुल्क शिक्षा प्रदान कराने का भी काम कर रहा हूं। और संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में क्षेत्रीय लोगों के द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा है। उसी सहयोग से संस्था भी छात्र छात्राओं का सहयोग करने में लगी हुई है। और ठीक इसी प्रकार से यदि संस्था को सहयोग मिलता रहा है। तो संस्था भी आगे छात्र छात्राओं का सहयोग करती रहेगी।

# धरातल पर कार्य होने पर ही होगा भुगतान -बीडीओ ऐलिया

### श्रमिक फर्जी हाजिरी घोटाले पर बीडीओ ने जारी की सम्बंधित को नोटिस



अनिल कुमार /दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

ऐलिया सीतापुर । जनपद में चल रहे फर्जी श्रमिक हाजिरी घोटाले की लगातार खबरो के प्रकाशन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखने लगा है , जिसकी पहल विकास खण्ड अधिकारी ऐलिया शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा की गई । खण्ड़ विकास अधिकारी द्वारा समाचार पत्र में विकास खण्ड़ की ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर में फर्जी श्रमिक हाजिरी को गम्भीरता से लेते हुए मनरेगा कार्यो में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए सम्बंधित को नोटिस जारी की गई जिससे विकास खण्ड़ में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया जा सके , ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर की नोटिस जारी होने के बाद विकास खण्ड़ क्षेत्र में मनरेगा में फर्जी श्रमिक हजारी लगाने वाले भ्रष्टाचारियों में हड़कम्प मच गया, ।

बताते चले कि दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान के पेज न0 9 में विकास खण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर में मनरेगा कार्यो में फर्जी हाजिरी के लिए *केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में मची है लूट* शीर्षक खबर प्रकाशित की गई थी खबर प्रकाशन के बाद खण्ड़ विकास अधिकारी ऐलिया ने उक्त ग्राम पंचायत की ग्राम पंचायत अधिकारी शिखा शुक्ला व ग्राम रोजगार सेवक कृष्ण पाल यादव को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है, दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण न देने पर मास्टर रोल शून्य करने के साथ साथ जिम्मेदारो पर मनरेगा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने की भी चेतावनी दी है।

भ्रष्टाचार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी, सभी का सहयोग रहा तो विकास खण्ड ऐलिया में भ्रष्टाचार जल्द ही खत्म होगा ,धरातल पर कार्य होने पर ही होगा भुगतान ।

**शैलेन्द्र कुमार सिंह**
**बीडीओ ऐलिया सीतापुर ।**

# नगर पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर चराईन मेले का किया उद्घाटन

खैराबाद सीतापुर ।प्रभात फेरी निकालकर भजन कीर्तन करती हुई श्रद्धा महिलाएं पहुंची हुई भूइंया ताली तीर्थ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता ने फीता काटकर किया चराईन मेले का उद्घाटन खैराबाद क्षेत्र का चराईन मेला आज श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा प्रभात निकालकर तथा?? पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता ने फीता काटकर किया चराईन मेले का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता ने प्रभात फेरी का स्वागत किया ।माता पूर्वोदेवी तथा बगलामुखी माता के जयकारे श्रद्धालुओं ने लगाया। चराईन मेला समिति अध्यक्ष बाबूराम बाथम ने बताया कि महिलाएं भुइंया ताली तीर्थ परपूर्वी देवी बगलामुखी माता सहित मंदिर परिसर में विराजमान सभी देवी देवताओं के भजन कीर्तन कर के दर्शन करती है तथा भुइंया ताल पर जाकर में वहां का पानी लेकर महिलाएं भजन कीर्तन करके देवी देवताओं का जलाभिषेक करती है शाम को बाजदारी टोला प्रभात फेरी के साथ जाएगी 28 अप्रैल को बाज़दारी टोला नया बाजार मार्ग होती हुई मां गौरी देवी मंदिर जाएगी उसके उपरांत महिलाएं बी सी एम स्टेशन होती हुई रेलवे स्टेशन के सामने प्राचीन देवी मां की पूजा करेगी जहां पर मन्नत के एक चावल महिलाओं के द्वारा लुटाए जाएंगे 29 अप्रैल को तीर्थ पर भेड का पूजन होगा तथा श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे का?आयोजन? किया जाएगा इस अवसर पर श्रीमती बेबी गुप्ता अनिल अवस्थी ममता गुप्ता पीयूष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित प्रेक्षको से शिकायत/मुलाकात सम्पर्क करें

सीतापुर । सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित कोई भी व्यक्ति शिकायत अथवा मुलाकात करने हेतु प्रातः 09.00 बजे से 10.00 बजे तक संसदीय क्षेत्र 30 हेतु सामान्य प्रेक्षक शिव शंकर (आई0ए0एस0), मो0नं0-7020150970, 9450549949 तथा बेसिक नम्बर-05862- 298857, ग्यारवीं वाहिंनी पी0एस0सी0 सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं0-2, जिनके लाइजन आफिसर राजीव त्रिपाठी उपनिबन्धक सदर हैं, जिनका मो0नं0-9415575612 है। संसदीय क्षेत्र 30 हेतु सामान्य प्रेक्षक सोनिया नैन (आई0आर0एस0), मो0नं0-9896533842, 9452201658 तथा बेसिक नम्बर-05862-298856, ग्यारवीं वाहिंनी पी0एस0सी0 सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं0-5, जिनके लाइजन आफिसर सुश्री शालिनी कुमारी जिला खनन अधिकारी सीतापुर हैं, जिनका मो0नं0-8887534839 है। संसदीय क्षेत्र 30 हेतु व्यय प्रेक्षक वी0एस0 देशवरन (आई0आर0एस0), मो0नं0-8870014133, 9452028540 तथा बेसिक नम्बर-05862-298853, ग्यारवीं वाहिंनी पी0एस0सी0 सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं0-4, जिनके लाइजन आफिसर सर्व सिंह चौहान सहायक आबकारी आयुक्त डालमिया डिस्टलरी रामकोट हैं, जिनका मो0नं0-9807077 6079 है। संसदीय क्षेत्र 30 हेतु मा0 पुलिस प्रेक्षक डा0 नीरजा गोटरू राव (आई0पी0एस0), मो0नं0-9978405303, 7839394397 तथा बेसिक नम्बर-05862-298858, ग्यारवीं वाहिंनी पी0एस0सी0 सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं0-3, जिनके लाइजन आफिसर सौरभ श्रीवास्तव जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर हैं, जिनका मो0नं0-7800286736 है, जिनसे सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

### लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 मिश्रिख (32)

प्रेक्षक (सामान्य) टी0वाई0 भट्ट, (आई0ए0एस0) 32-मिश्रिख लोकसभा (अ0जा0) निर्वाचन क्षेत्र का आगमन दिनांक 23.04.2024 को हो गया है। प्रतिदिन प्रातः 10.00 से 11.00 बजे का समय जनता से मिलने के लिये लोक निर्माण विभाग हरदोई के डाक बंगले पर निर्धारित किया है। मोबाइल नं0 9453502540 है। प्रेक्षक के लाईजनर आफिसर श्रीमती सुषमा(उप निबंधक मिश्रिख) जिनका मो0 नम्बर 9454186824 है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32 मिश्रिख मे अजॉय कुमार मजूमदार मो0नं0-9453543903 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में व्यय निगरानी से संबंधित शिकायतों के लिए उपरोक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख-32 पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र सिंह आई0पी0एस0 ,जिनका मो0 नम्बर 9452836277 व बेसिक नम्बर 05852-297513 है। इनके लाईजनर आफिसर धमेन्द्र कुमार (निरीक्षक) जिनका मो0 नम्बर 7007651003 है।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 धौरहरा (29)

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। एलआरपी स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सभा कक्ष में आकर मुलाकात कर सकते है। वही मा. ऑब्जर्वर के मोबाइल नंबर 9532608133 पर निर्वाचन के संबंध में संपर्क किया जा सकता है। इनके लाईजनर आफिसर शैलेश(आबकारी निरीक्षक लखीमपुर) जिनका मो0 नम्बर-9451663247 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-29 धौरहरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आई.आर.एस. आफिसर सुमित बेसरा हैं। व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 9532608140 है। व्यय प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह (एलआरपी) के कक्ष संख्या 02 में ठहरे हुए हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रातः 10:30 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते है। इनके लाईजनर आफिसर कृष्ण कुमार तिवारी(उप निबंधक) इनका मो0 नम्बर 7869252548 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-29 धौरहरा के लिए अनुप ए0 शेट्टी आई0पी0एस0 है जिनका मो0 नम्बर 9480800857 है। इनके लाईजनर आफिसर अशोक है इनका मो0 नम्बर 9125687053 है।

# हजारों साधु संतो साथ 84 कोसी परिक्रमा चौथे पड़ाव गोसाईगंज के महादेवाघाट पर पहुंची



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या ।बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्रांतर्गत मखौड़ा के मखभूमि से 24 अप्रैल को हजारों साधु संतो के साथ निकली 84 कोसी परिक्रमा शनिवार को श्री अयोध्या धाम चौरासी कोस परिक्रमा के संचालक महंत गयादास की अगुवाई मे राम नाम संकीर्तन एवं जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अपने चौथे पड़ाव गोसाईगंज के महादेवाघाट पर पहुची।आस्था की डगर पर पुण्य की चाह मे निकले बडे,बूढे,गृहस्थी शुक्रवार रात्रि श्रंगीॠषि मंदिर पर विश्राम करने के बाद 27 अप्रैल को तमसा नदी तीरे पहुंचे।परिक्रमार्थी आज रविवार को आगागंज टिकरी मे रात्रि विश्राम करेंगे।परिक्रमार्थियो की टोली नगर की सीमा में प्रवेश करते ही सभासद आरती जायसवाल,चेयरमैन डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल,महादेवा घाट जीर्णोद्धार समिति के जय कुमार अंगियार,हनुमान प्रसाद कल्लू,गप्पू बर्नवाल,रवि बाबू जायसवाल,अशोक अंगियार, हनुमान कसौधन इत्यादि ने गर्म जोशी से जहा स्वागत किया वही समाजसेवीयों ने इनकी सेवा के लिए जगह जगह चाय,अगरबत्ती, लाई इत्यादि का स्टाल लगाकर अपना सेवा भाव प्रकट किया।परिक्रमा संचालक महंत गयादास ने बताया कि अयोध्या धाम के इस 84 कोस परिक्रमा मे राजस्थान के धौलपुर जनपद निवासी नागा जय राम दास,गोण्डा के गणेश महाराज, संतोष दास,आगरा के हेमंत दास, दिनेश दास,झांसी के रामदास रामायणी,पलवल राजस्थान के विसंभर दयाल,सीतापुर संस्कृत महा विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक रामायणी राम नारायण दास,बाबा श्याम दास,विद्या देवी ॠषिकेश,चित्रकूट से जगन्नाथ सहित हजार की संख्या मे गृहणी, बुर्जग शामिल है।चारो ओर परिक्रमा का गुणगान परिक्रमार्थी कर रहे है।

## स्कूली बच्चे भी कर रहे परिक्रमा

84 कोसी परिक्रमा में उन्नाव जिला निवासी 14 वार्षिया कक्षा 7 के छात्र गोविन्द मौर्य एवं उनकी 17 वर्षीय बहन साधना अपने पिता कमला संकर के अलावा अमेठी जनपद के जगदीश पुर निवासी 14 वर्षीय श्रीश तिवारी भी परिक्रमा कर रहे हैं।इन छोटे बच्चों का परिक्रमा में शामिल लोग हौसला अफजाई करते हुए हाथों- हाथ ले रहे हैं।

## साफ सफाई व्यवस्था रही चाक चौबंद

परिक्रमा में शामिल साधु-संतों को कोई कष्ट तथा उनको पडाव स्थल तक पहुंचने मे कोई परेशानी न हो इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन ने भी अपनी पूरी तैयारी कर रखी थी !तेलियागढ़ चौराहे से महादेवा घाट तक चूने का छिड़काव कराने के साथ ही साफ-सफाई एवं नदी में दवाओं का छिड़काव कराया गया था।सुबह से ही चेयरमैन डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल,सभासद आरती जायसवाल,ईओ इंद्रभान,पूर्व सभासद अशोक चौरसिया आदि मौजूद रहे ।

## चार जनपदों से गुजरती है परिक्रमा

पुराणो मे अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा का महत्व समझाते हुए महंत श्री दास ने बताया कि ÷जिस प्रकार भगवत प्रदक्षिणा से जन्म जन्मांतर के किए हुए समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं, उसी प्रकार ÷धामादि पति÷अवध धाम साक्षात बैकुंठ पूरी होने के नाते यहां के अतुलनीय चौरासी कोस परिक्रमा को जो प्राणी मनसा,वाचा,कर्मणा से एक बार भी कर लेता है तो उसका पुनर्जन्म नहीं होता हैं! कहा कि परिक्रमा अयोध्या, अंबेडकरनगर,बस्ती,गोंडा,

बाराबंकी जनपद के पांच दर्जन स्थानों से गुजरती हैं!परिक्रमा का श्री गणेश हर साल बैशाख कृष्ण प्रतिपदा पर्व पर बस्ती जिले के परशुराम पुर थानांतर्गत रजवापुर मंदिर से शुरू होकर जानकी नवमी पर अयोध्या के सीताकुंड पर बिशाल भंडारे एवं बिदाई के साथ संपन्न होता है !लेकिन कुछ संगठन परम्परागत परिक्रमा को खंडित कर रहे हैं !जो कि परिक्रमा मे शामिल नये चेहरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं !उन्होंने बताया कि परिक्रमा का पांचवा पड़ाव आगागंज टिकरी, छटवा रामपुर भगन,सांतवा सीता कुंड दराबगंज,आठवा ढेमाबैस्य हनुमान मंदिर,नौवा जन्मेजय कुंड सिडसिड,दसवां अमानीगंज पोखरा -11वां रुदौली(मलकनिया पड़ाव), 12वा पटरंगा,13वा बेलखरा बगिया-टिकैत नगर,14वां दुलारे बाग(बिजय गंज)परसपुर,15वां तुलसी जन्म भूमि(राजापुर) परस-पुर,17वां 7 बृन्दावन(खैरा) पूरबियन पुरवा,18वां सेमरा (गंगाराम भगत),19वां बाराही देवी(उत्तरी भवानी), 20वा जमथा (यम दग्नि आश्रम),21वां नवाबगंज(नाका) पहलवान बीर मंदिर, 22वां मखौडा (मख-स्थान) मनोरमा तथा 23वां पडाव 7 किमी0 पर सरयूतट (अयोध्या धाम) राधा कृष्ण मंदिर पर जहा होगा।वही अगले दिन राम जन्म भूमि की परिक्रमा एवं जानकी नवमी पर सीता कुंड मे रामार्चा महा यज्ञ सहित सीताकुंड(अयोध्या)मे भंडारा एवं बिदाई के साथ संपन्न होगा।

# सरकारी आवास में अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से रह रहे हैं बाहरी लोग

## लोगों ने बताया कि कुछ तो नशे के है कारोबारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।विकास खंड परिसर टांडा में अधिकारियों कर्मचारियों के लिए बनाए गए सरकारी आवास में अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से रह रहे हैं बाहरी लोग।

ब्लॉक के बाहर चाय की दुकान पर लोगों ने बताया कि कुछ तो नशे के कारोबारी भी रहते हैं।

कुछ दिन पहले सुनने में आया था कि परिसर में बने आवास में बाहरी लोग रहते हैं जब पत्रकारों की टीम वहां देखने गई और खंड विकास अधिकारी से उसके बारे में जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि नहीं कोई बाहरी नहीं रहता सब सरकारी कर्मचारी ही रहते हैं सबको आवंटित है इसके पूर्व में भी कार्यालय प्रधान सहायक ने लिखित में दिया था कि कोई आवास रिक्त नहीं सब में सरकारी अधिकारी कर्मचारी रहते हैं। जब इसकी शिकायत की गई कि परिसर में बने आवास किन किन को आवंटित है कौन कौन किराया देता है। तो रिपोर्ट लगाई गई कि जितने आवास में लोग रहते हैं उतने का किराया लिया जाता है फिर शिकायत दी गई की कितने और किन-किन आवास में कौन-कौन लोग रहते हैं कौन किराया देते हैं तो बताया गया कि प्रकरण सूचना से संबंधित है सूचना मांग लीजिए। जब सूचना मांगी गई की कितने आवास बने हैं किन आवास में कौन-कौन कर्मचारी रहते हैं और कितना किराया कटता है तब जवाब आया कि यह व्यक्तिगत मामला है सूचना अधिकार अधिनियम में नहीं दिया जाएगा। इसके बाद संदेश बढ़ गया कि शिकायत सही है कि आवासीय परिसर में अराजक तत्व रहते हैं और उनसे खंड विकास अधिकारी द्वारा किराया वसुला जाता है। जब पत्रकारों की टीम फिर से विकास खंड परिसर का दौरा करने गई और वीडियो बनाने का प्रयास किया तो संयुक्त खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार राय ने इसका विरोध किया और उन्होंने कहा कि आप सूचना से मांग लीजिए हम दे देंगे कौन-कौन रहते हैं। गेट के बाहर आने पर आसपास के दुकान पर मौजूद लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विकास खंड परिसर में बने आवास में कुछ नशे का कारोबार करने वाले बाहरी लोग रह रहे हैं जिनको खंड विकास अधिकारी द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। कोई विकास खंड परिसर में संदेह भी नहीं करता कि ऐसे लोग यहां रहते होंगे। क्योंकि सारे आवास तो कर्मचारियों के लिए बने हैं तो बाहरी व्यक्ति वहां रह ही नहीं सकता। शिकायतों का जिस तरह से खंड विकास अधिकारी द्वारा निस्तारण किया जाता है और अनिल कुमार राय जिस तरह से पत्रकारों को जवाब देते हैं उससे यह सिद्ध हो गया कि विकास खंड परिसर में सरकारी कर्मचारी नहीं रहते हैं उनकी जगह पर बाहरी लोगों को किराए पर देकर यह लोग किराया वसूलते हैं एक कर्मचारी से पूछने पर पता चला कि कई एडीओ रैंक के अधिकारी, अकाउंटेंट, जेई आर ई एस और प्रधान सहायक इन लोगों के नाम से आवास आवंटित नहीं यह लोग अपने घर से आते जाते हैं। खंड विकास अधिकारी खुद यहां नहीं रहते उनके लिए बने आवास में अनिल राय संयुक्त खंड विकास अधिकारी कब्जा किए हैं। जिसे अनिल राय ने भी अपने बयान में स्वीकार किया। किसी आवास पर अधिकारी का नाम पदनाम पट्टिका भी नही लगी है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि जब किसी एडीओ, अकाउंटेंट जे ई और बाबू के नाम से आवास आवंटित नहीं है तो आवास दिया किसको गया है यह जांच का विषय है लेकिन जांच करें कौन। जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार फर्जीवाड़ा करके सरकार को चुना लगाया जा रहा है।सरकारी कॉलोनी में नशे का कारोबार करने वाले रहते हैं और किसी को कोई परवाह नही है। यह सब बिना ऊपर तक के अधिकारियों की मिलीभगत के संभव नहीं है। सोचने वाली बात यह है कि अधिकारियों के लिए बने आवास में वह नहीं रहते मतलब मुख्यालय पर कोई नहीं रुकता सब रोज अपने घर चले जाते हैं तो इन्हे रोज घर जाने की अनुमति कौन देता है।नियम तो यही है कि बिना अनुमति के कोई अधिकारी मुख्यालय नही छोड़ सकता। खबर जितनी चौंकाने वाली है उतनी ही भयावह भी है अब देखना यह है कि जिले के बड़े अधिकारी इसका संज्ञान लेकर किस तरह की कार्यवाही करते हैं।

# निशा सिंह को मिली पी-एच0डी0 की उपाधि

## क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**



अयोध्या।डॉ 0राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा दिन शुक्रवार को, निशा सिंह पुत्री राममूर्ति सिंह , ग्राम घोरहा , जिला अमेठी को पी-एच0डी0 की उपाधि प्रदान किया गया। प्रोफेसर प्रतिमा सिंह , हिंदी विभाग,के एन आई पी एस एस, सुल्तानपुर के निर्देशन में ÷डा0 बच्चन सिंह की आलोचनात्मक दृष्टि-एक अध्ययन ÷ विषय पर निशा सिंह ने अपना शोध कार्य विधिवत ढंग से , पूरी निष्ठा, इमानदारी लगन और मेहनत के साथ पूर्ण किया। जुझारू व्यक्तित्व की धनी निशा सिंह अगस्त 2021 से राजकीय बालिका उ0मा0 विद्यालय मेंएल0 टी0 ग्रेड में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं तथा सम्प्रति प्रभारी--प्रधानाचार्य पद पर रहकर अपने उत्तरदायित्वों का समुचित ढंग से निर्वहन कर रही हैं। डाक्टर आफ फिलासफी उपाधि का श्रेय निशा सिंह ईश्वर, माता पिता, गुरु जनों एवं शुभचिंतकों को देती हैं। उनके विद्या वारिधि उपाधि प्राप्ति के अवसर पर डॉ 0रवीन्द्र प्रकाश सिंह,डा0सतीश सिंह, डॉ 0 सुरेन्द्र सिंह , अभिषेक सिंह डा 0विनोद सिंह , डॉ अरुण मिश्रा आदि ने अनंत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा इस उपाधि प्राप्ति के मौके पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर व्याप्त है।

# लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**



अम्बेडकरनगर। जनपद के टांडा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रौजा मीरानपुरा में एक भूमि के पुराने विवाद में धारदार हथियार से हमला कर एक युवक को घायल कर दिया गया। आननफानन में घायल को टांडा सीएचसी में भर्ती कराया गया। धारदार हथियार से हमले की सूचना मिलते ही टांडा कोतवाली निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी सहित सीओ टांडा शुभम कुमार व एडिशनल एसपी पश्चिमी विशाल पांडेय ने घटना स्थल निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार टांडा खास के रौजा मीरानपुरा में गाटा संख्या 417 व 420 पर काफी दिनों से विवाद चल रहा है जिस पर न्यायालय द्वारा स्टे भी किया गया है। घायल हयात मोहम्मद पुत्र स्व. जमील निवासी मोहल्लाह हयातगंज ने टांडा कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए शिकायत दर्ज कराया कि उक्त भूमि पर दिन में लगभग 12:30 बजे वो गया तो विपक्षी लालदेव यादव, राम जीत यादव, बाबली, विकास यादव ने उसे घर कर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें उसका उसके हाथ पर गंभीर चोटें आई और गोहार लगाने पर बचाने आये मो. अरशद का मोबाइल भी विपक्षियों ने छीन लिया। घायल हयात मोहम्मद का दावा है कि चोट लगने से वो बेहोश हो गया जिसे टांडा सीएचसी में लाया गया। सूचना पर तत्काल टांडा कोतवाली निरीक्षक मय पुलिस बल के पहुँच गए। सीओ शुभम कुमार व एडिशनल एसपी विशाल पांडेय ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी विशाल पांडेय ने कहा कि स्टे शुदा भूमि पर पुराना विवाद चल रहा है जिसको लेकर मार पीट हुई है और एक युवक के हाथ पर धारदार हथियार से चोटें आई है। मामला दो विपरीत समुदाय से जुड़ा होने के कारण पुलिस तनिक भी लापरवाही बरतने नहीं चाहती है।

# 1 मई को रामलला का दर्शन करेंगी राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर रहेंगी। रामलला का दर्शन करेंगीं। हनुमानगढ़ी भी जाएंगी। शाम को सरयू आरती में भी शामिल हो सकती हैं। हालांकि अभी ऑफिशियल प्रोटोकॉल जारी नहीं हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राष्ट्रपति का यह पहला दौरा है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार और अयोध्या प्रशासन से संपर्क किया है। राष्ट्रपति करीब तीन घंटे अयोध्या में रहेंगी। सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन करेंगी, इसके बाद राम मंदिर जाएंगी। राष्ट्रपति 1 मई की शाम चार बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंच सकती हैं।





# 3 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड

## उलाहना देने पहुंचे, परिजनों को पीटा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो



अम्बेडकरनगर। तीन वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है उलाहना देने पहुंचे परिजनों को आरोपियों के परिजनों के द्वारा उनकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। मामला महरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव का है गांव निवासिनी पीड़ित मां का आरोप है उसकी तीन वर्षीय नाबालिक पुत्री काल्पनिक नाम पूजा घर के बाहर खेल रही थी। तभी गांव के युवक द्वारा उसका मुंह दबाकर गलत काम करने का प्रयास किया जा रहा था तभी बच्ची रोने लगी। उसकी आवाज सुनकर पीड़िता की जेठान बाहर निकली तो देखा आरोपी युवक के द्वारा उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया जा रहा था जिसे डांटकर उसके द्वारा भगाया। घटना 10 दिन लगभग पुरानी है। आरोपी युवक के पिता अकबरपुर में रहकर नौकरी करते हैं। आरोपी युवक के पिता जब घर आया तो उलाहना देने के लिए उसके घर परिजन गए तो आरोप है लाठी डंडे से जमकर पिटाई करने लगे। हल्ला गुहार होने पर बीच बचाव हो सका। आरोपी के परिजन द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। वही महरुआ पुलिस लीपापोती करने में जुटी है। आरोपी के परिजन ने भी अपने बचाव में शिकायती पत्र दिया है।

# रिश्वत लेते हुए पकड़े गए व्यक्ति के निलंबन आदेश को देने के लिए भी ली गई रिश्वत

## पैसे का खेल बाबू को पैसा दो कागज प्राप्त कर लो

## 5000 रुपए की रिश्वत देकर सूत्र को मिला पत्र

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।15 मार्च को ?10000 की नगद रिश्वत लेते हुए विजिलेंस विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए वीरेंद्र सिंह चौहान नाजिर जिला विकास अधिकारी कार्यालय के जिस निलंबन आदेश को प्राप्त करने के लिए पत्रकारों ने हफ्तों तक जिला विकास अधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाया और अंत में यह जवाब मिला कि वह गोपनीय व्यक्तिगत पत्र है किसी को नहीं दिया जाएगा इस आशय की खबर छपने के बाद एक व्यक्ति ने इसे चैलेंज के रूप में स्वीकार किया और आज उसने किसी तरह वह पत्र प्राप्त ही कर लिया पूछे जाने पर बताया कि सब पैसे का खेल है बाबू को पैसा दो कागज प्राप्त कर लो। नाम न छापने की शर्त पर उसने बताया कि कार्यालय के बाबू को ?5000 देकर उसने यह पत्र प्राप्त किया है यदि उस व्यक्ति का यह कथन सही है तो यह अत्यंत घृणित कृत्य हैं इसे निंदनीय नहीं कहा जा सक। पत्र पत्रकार मांगते हैं तो देने से इनकार किया जाता है कहां जाता है कि वह किसी का व्यक्तिगत पत्र है और जब कोई आदमी रिश्वत देता है तो उसे दे दिया जाता है यदि ऐसा ही चला रहा तो पत्रकार पत्र प्राप्त करने के लिए इतना पैसा कहां से लायेंगे। इसका मतलब पत्रकारों को कार्यालय द्वारा कभी कोई जानकारी दी ही नहीं जाएगी। यदि कोई पत्र प्राप्त करना हो तो पत्रकार भी फाइनेंसर तलास करलें।

# इलाज के लिए आई जायरीन से गैंगरेप

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।मखदूम अशरफ के अस्थान पर इलाज के लिए आई जायरीन से गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामला पुलिस के उच्च अधिकारियों के संज्ञान के आने के बाद पुलिस ने मामले से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जेल भेजे गए आरोपियों की रिमांड लेने की कार्रवाई में भी बसखारी पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के कैमूर जनपद के सोनहन थाना क्षेत्र की निवासिनी युवती अपने मां के साथ दरगाह में फैज मोहम्मद के यहां किराए का कमरा लेकर अपना इलाज करवा रही थी। कुछ दिनों पहले युवती तथा उसके परिजन फैज मोहम्मद का कमरा छोड़कर दूसरी जगह पर कैमरा लेकर रह रहे थे। आरोप है कि बीते 18 अप्रैल की शाम को युवती की मां समान लेने बाहर गई हुई थी। कि फैज मोहम्मद की पत्नी सलमा ने अपने पति समेत चार अज्ञात लोगों के साथ युवती के साथ जबरदस्ती बारी-बारी से दुराचार करवाया। आरोपियों ने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता के मां के घर पहुंचने पर पिता ने रो रो कर सारी घटना बताई तो पीड़िता ने बसखारी थाने पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बसखारी पुलिस ने तत्काल मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह व उपनिरीक्षक प्रियंका मिश्रा ने आरोपी फैज मोहम्मद व उनकी पत्नी सलमा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता का मेडिकल व बयान करवाया जा रहा है। अन्य फरार आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# अवैध अस्पताल में ऑपरेशन करते मिले सरकारी सर्जन

## नर्सिंग होम सील, संचालक के खिलाफ दर्ज होगा केस

## बीते दिनों आईजीआरएस पोर्टल पर सर्जरी में लापरवाही से महिला की मौत की हुई थी शिकायत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। टांडा के मोहनगंज चौराहे के निकट बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित अमन नर्सिंगहोम पर बृहस्पतिवार को अपर सीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा। ऑपरेशन कक्ष में महिला का ऑपरेशन कर रहे सरकारी अस्पताल में तैनात सर्जन वहां से भाग खड़े हुए। एसडीएम टांडा की मौजूदगी में जच्चा-बच्चा को एंबुलेंस से जिला अस्पताल स्थित मातृ-शिशु विंग में शिफ्ट किया गया। इस बीच नर्सिंगहोम को सील करने के साथ ही अस्पताल संचालक के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। आईजीआरएस पर दर्ज एक शिकायत के निस्तारण के लिए बृहस्पतिवार दोपहर अपर सीएमओ डॉ रामानंद सिद्धार्थ व अपर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. गौतम मिश्र की टीम मोहनगंज चौराहा के निकट स्थित अमन नर्सिंगहोम पहुंची। बाहर कोई बोर्ड लगा नहीं मिला। मुख्य गेट अंदर से बंद था। लगभग दस मिनट के इंतजार के बाद गेट खुला तो टीम अंदर पहुंची। वहां का दृश्य देखकर टीम सन्न रह गई। ऑपरेशन कक्ष में एक सरकारी अस्पताल के सर्जन महिला का ऑपरेशन कर रहे थे। टीम ने ऑपरेशन पूरा होने का इंतजार किया। इसी दौरान एसडीएम टांडा मोहनलाल गुप्ता व सीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार वर्मा को भी फोन कर मौके पर बुला लिया गया।वहां मिले दो कर्मचारियों से जब अस्पताल संचालन से संबंधित कागजात मांगे तो उपलब्ध नहीं करा सके। इस पर महिला व उसके नवजात को एंबुलेंस से जिला अस्पताल स्थित मातृ-शिशु विंग शिफ्ट कर दिया। साथ ही नर्सिंगहोम को सील कर दिया।जिस समय टीम वहां कागजातों की छानबीन कर रही थी तो उसी समय ऑपरेशन पूरा करने वाले सर्जन मौका देखकर जच्चा-बच्चा को छोड़कर भाग खड़े हुए। टीम के अनुसार अमियाबाभनपुर गांव निवासी पुनीता को ऑपरेशन से पुत्री पैदा हुई।टांडा नगर के मुबारकपुर निवासी कमलेश ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया कि 23 मार्च को उसने अपनी माता सिंगारी देवी को अमन नर्सिंगहोम में भर्ती कराया था। जांच के बाद पथरी का ऑपरेशन करने की बात कही गई। अस्पताल प्रशासन ने 20 हजार रुपये इसके लिए जमा कराए। दूसरे जनपद के सर्जन डॉ. अखिलेश मौर्य ने ऑपरेशन किया। इस दौरान ऑपरेशन के बीच रक्तस्राव शुरू हो गया। चिकित्सक ने इसे छिपाया। कहा कि इसे आजमगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना होगा। हालत गंभीर देख आठ अप्रैल को केजीएमयू लखनऊ ले गए। वहां इलाज के दौरान 13 अप्रैल को मौत हो गई।अवैध ढंग से संचालित अमन नर्सिंगहोम को सील कर दिया गया। साथ ही अस्पताल संचालक एसके सिंह पर केस दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। ऑपरेशन करने वाले सरकारी अस्पताल के सर्जन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डॉ. राजकुमार, सीएमओ